• जयपुर, सोमवार 30 दिसंबर 24• वर्ष 14 • अंक 132 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 देश में सबसे ज्यादा दुःखी किसान : रामकिशन...
पेज @4 अजमेर में 6वीं इंटर मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज...
पेज @8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित...

# दक्षिण कोरिया में विमान हादसे में 179 लोगों की मौत

**सियोल । एजेंसी**

दक्षिण कोरिया के भीषण विमान हादसे में मौतों का आंकड़ा अब 179 पहुंच गया है। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। इसमें से सिर्फ 2 लोग ही जीवित बच सके हैं। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। यह हादसा साउथ कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर रविवार को उस वक्त हुआ, जब विमान का लैंडिंग गियर उतरते फेल हो गया और अचानक वह दीवार की फेंसिंग से टकरा गया। इससे यात्री विमान में आग लग गई। राहत और बचाव अधिकारियों को यकीन है कि बचाए गए दो लोगों को छोड़कर लगभग सभी लोग दुर्घटना में मारे गए। यह हादसा देश के दक्षिणी जिओला प्रांत के मुआन में मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि 173 कोरियाई यात्री, दो थाई यात्री और चालक दल के छह सदस्य जेजू एयर की उड़ान में सवार थे। यह उड़ान बैंकॉक (थाईलैंड) से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुआ और सुबह 8:30 बजे इसे मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। विमान (बोइंग 737-800) ने उतरने का प्रयास किया। न उतर पाने पर उसने हवाईअड्डे का चक्कर लगाया। दोबारा उतरने की कोशिश में रन-वे पर फिसलता हुआ दीवार से टकरा गया। विमान से सुबह 9:03 बजे आग की लपटें उठने लगीं। धुआं छा गया। दुर्घटना के 43 मिनट बाद आग बुझा दी गई। आपातकालीन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, चालक दल के दो सदस्यों को बचा लिया गया है। विमान का पिछला कुछ हिस्सा सलामत है। बाकी जलकर राख हो गए। मृतकों की पहचान कर पाना असंभव है।

यह 1997 में गुआम में कोरियाई विमान दुर्घटना के बाद किसी कोरियाई यात्री विमान से जुड़ी सबसे भीषण दुर्घटना है।

**सिर्फ 2 लोग ही जीवित बच सके, उनकी हालत भी गंभीर**



## नॉर्वे में डच केएलएम विमान की आपात लैंडिंग

**हेग/एजेंसी।** ओस्लो से एम्स्टर्डम जा रही केएलएम उड़ान केएल1204 को शनिवार रात नॉर्वे में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं। यह जानकारी डच ध्वज वाहक ने रविवार को दी। केएलएम के प्रवक्ता ने डच मीडिया से कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के केबिन में तेज आवाज सुनाई दी। एहतियात के तौर पर, पायलट ने विमान को ओस्लो से लगभग 150 किमी दक्षिण में टॉर्प सैंडिफजॉर्ड हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया। विमान सुरक्षित उतर गया लेकिन धीमी गति से रनवे से फिसल कर बगल में घास पर जाकर रुक गया। नॉर्वे पुलिस ने पुष्टि किया कि विमान में 176 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। केएलएम के प्रवक्ता ने कहा कि सभी यात्रियों को स्थानीय हवाई अड्डे पर ठहराया गया है और घटना का कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में एक हल्का विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, एक घायल

**सिडनी । एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के उत्तर में रविवार को एक हल्के विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य में सिडनी से 500 किमी उत्तर में पामर्स द्वीप के एक हवाई क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार लगभग सवा 11 बजे एक मनोरंजक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्ट पर पुलिस, एंबुलेंस चालक दल और एक बचाव हेलीकॉप्टर सहित आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया था। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने एक बयान में कहा कि पायलट की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि अभी तक उसकी औपचारिक पहचान नहीं हो पाई है लेकिन माना जा रहा है कि वह 60 साल की उम्र का व्यक्ति है। एकमात्र यात्री जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास थी, को गंभीर चोटों के कारण पास के अस्पताल में ले जाने से पहले घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि विमान हवाई क्षेत्र के रनवे से कुछ दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटना के आसपास की परिस्थितियों की जांच करने के लिए एक 'क्राइम सीन' स्थापित किया है और जनता के सदस्यों से क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया है।

**न्यूज़ अपडेट**

## दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत, टक्कर के बाद लगी भीषण आग

**हमीरपुर/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक बड़ा हादसा हुआ। यहां पेट्रोल पंप पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ट्रकों में भीषण आग लग गई।

मामला सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 34 पर स्थित पेट्रोल पंप का है। बताया जा रहा है कि सुमेरपुर मंडी के पास दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हुई। इस दौरान दोनों ट्रकों में अचानक आग लग गई।

दोनों ट्रकों के चालक व परिचालक ट्रक के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दे दी गई है। सर्किल ऑफिसर राजेश कमल ने कहा, सुमेरपुर मंडी के निकट दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उसमें आग लग गई। दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंच चुकी हैं और आग पर काबू पा लिया गया है। एक ट्रक चालक के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है, इसके लिए बचाव अभियान जारी है। फिलहाल इस घटना का वीडियो वायरल हो गया है।

## हाईवे पर बड़ा हादसा टला, माल से भरा ट्रेलर पलटा

**दौसा/एजेंसी।** जयपुर आगरा नेशनल हाईवे 21 के आगरा रोड बाइपास तिराहे के पास माल से भरा ट्रेलर पलट गया। इसमें किसी के हताहत नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। रात्रि करीब 1. 00 बजे जयपुर की ओर से आ रहा ट्रेलर अचानक पलटी खा गया। जिससे ट्रेलर में भरा ट्रांसपोर्ट का सामान हाईवे पर बिखर गया। ट्रेलर के पलटने से रात भर हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

**मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' : संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा**

# संविधान हमारा पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली । एजेंसी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि संविधान हमारा पथ प्रदर्शक है। 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। मन की बात के 117 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा सौंपा गया संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने इस एपिसोड में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का विशेष उल्लेख किया और कहा कि अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता इसकी विशालता में ही नहीं बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। उन्होंने बताया कि इस बार कुंभ के आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बोर्ड का भी प्रयोग किया जा रहा है फोन विराम इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में काम से जुड़ी हुई हर जानकारी हासिल की जा सकेगी। स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित एनीमेशन सीरीज जेबीटी-भारत हैं हम के दूसरे सीजन के आने की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों का पसंदीदा कार्यक्रम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन नायकों के बारे में हमें बताता है जिनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। इसका दूसरा सीजन बड़े खास अंदाज में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में लॉन्च हुआ। भारतीय फिल्म जगत की महान हस्तियों का भी अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिक्र किया जिनकी इस वर्ष 100वीं जयंती है। उन्होंने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्कीनेनी नागेश्वर राव गारू और तपन सिन्हा का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज कपूर ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। वहीं रफी साहब ने हर तरह के भावों को अपनी आवाज देकर जीवंत किया है।

अगले साल भारत में आयोजित होने वाले ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट सबमिट यानी वेव्स सबमिट के विषय पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें दुनिया भर के मीडिया और एंटरटेनमेंट उद्योग के दिग्गज और सृजनात्मक दुनिया के लोग भारत आएंगे। यह भारत के दुनिया के कंटेंट क्रिएशन का हब बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में भारत की संस्कृति के प्रचार-प्रसार से जुड़े कुछ तथ्य रखे। उन्होंने मिस्र में भारत की संस्कृति पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता और दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे में लोगों की आयुर्वेद के प्रति बढ़ती रुचि का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल को वहीं ट्रेनिंग लिए शिक्षक सिखा रहे हैं। विकास के पथ पर अग्रसर मोहब्बत प्रभावित बस्तर संभाग में आयोजित ओलंपिक के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि 65000 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया यह हमारे युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। इस उपलब्धि का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कुछ सराहनीय प्रयासों की जानकारी दी।

## बैंक कर्मचारी ने ही खाते से उड़ा दिए 12 करोड़ रुपए

**बेंगलुरु/एजेंसी।**

साइबर धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक्सिस बैंक के एक रिलेशनशिप मैनेजर और तीन अन्य लोगों को एक कंपनी के खाते से 12 करोड़ रुपये उड़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कर्नाटक पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड के आरोप में यह कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, एक्सिस बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर वैभव पिथादिया (29 वर्ष) ने अपने सहयोगियों झ्र बैंकिंग एजेंट नेहा बेन विपलभाई, इंश्योरेंस एजेंट शैलेश और कमीशन एजेंट शुभम के साथ मिलकर बेंगलुरु स्थित कंपनी ड्रीमप्लग पेटेक सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को 12.2 करोड़ रुपये का चूना लगाया।

ड्रीमप्लग के एग्जीक्यूटिव नरसिम्हा वसंत शास्त्री की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। कंपनी के अधिकारियों ने 12 नवंबर को अपने खाते में कुछ संदिग्ध लेनदेन देखे थे, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पता चला कि 29 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच एक्सिस बैंक के दो खातों से 12.2 करोड़ रुपये निकाले गए थे।

आरोपियों ने ड्रीमप्लग के खातों में हेरफेर करके उनका एक्सेस हासिल कर लिया था। उन्होंने जाली हस्ताक्षर करके कंपनी के बोर्ड का एक प्रस्ताव भी तैयार किया था, जिसमें ईमेल आईडी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलने का अनुरोध किया गया था। आश्चर्यजनक रूप से, एक्सिस बैंक ने इस जाली प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी।

इसके बाद, आरोपियों ने वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के माध्यम से 37 लेनदेन किए। ड्रीमप्लग ने अंकलेश्वर और अबरामा बैंक शाखा में भी इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। एक्सिस बैंक के रिकॉर्ड से पता चला कि 2021 में इन खातों को चार यूजर आईडी दी गई थीं, जिनमें से केवल दो ही सक्रिय थीं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कुल 15 करोड़ रुपये का लेनदेन करने का प्रयास किया था, लेकिन दो यूजर आईडी निष्क्रिय होने के कारण वे केवल 12.2 करोड़ रुपये ही निकाल पाए।

पैसे देश भर के कई खातों में स्थानांतरित किए गए। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि एक्सिस बैंक की प्रक्रियाओं में कहाँ चूक हुई जिसके चलते आरोपियों ने वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

**जनआकांक्षाओं को पूरा करना राज्य सरकार का लक्ष्य**

# मुख्यमंत्री की भरतपुर संभाग के विधायकों के साथ बैठक

**हेमेन्द्र/नेमीचंद**

**जयपुर, 29 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र की जनआकांक्षाओं को पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को गति प्रदान करना राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसी दिशा में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की भावना के साथ सभी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की बजटीय घोषणाएं राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर संभाग के विधायकों के साथ बजट वर्ष 2024-25 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक, सरकार एवं जनता के बीच की अहम कड़ी है। ऐसे में सभी विधायक क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद करने से लेकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाएं।





## विधायक सरकार और जनता के बीच अहम कड़ी : मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

### स्थानीय उद्योग क्षेत्र के विकास की धुरी

» श्री शर्मा ने कहा कि स्थानीय उद्योगों का क्षेत्र के विकास में अहम योगदान होता है। इसी कड़ी में हाल ही में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जिला स्तर पर भी एमओयू किए गए हैं। उन्होंने विधायकों से कहा कि समिट के दौरान हुए एमओयू की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए, ताकि समय पर इनकी क्रियान्विति सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक श्री जगत सिंह, डॉ. शैलेश सिंह, श्री बहादुर सिंह, श्री जितेन्द्र गोठवाल, श्री दर्शन सिंह, श्री हंसराज मीना एवं डॉ. ऋतु बनावत उपस्थित रहे।

### ईआरसीपी से बहेगी विकास की गंगा-

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से विधायकों ने कहा कि संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना का मार्ग प्रशस्त होने से पूर्वी राजस्थान के लोगों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। मुख्यमंत्री ने भरतपुर संभाग के विधायकों से विधानसभावार बजट घोषणाओं की अनुपालना में होने वाले विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति, भूमि आवंटन और प्रगतिरत कार्यों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विधायकों से कहा कि क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप आगामी बजट में शामिल किए जाने वाले जनहित के विकास कार्यों के सुझाव भी देवें।

### पंचगौरव के प्रोत्साहन से जिले को मिले नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एक उपज, एक उत्पाद, एक प्रजाति, एक पर्यटन एवं एक खेल को बढ़ावा देने के लिए पंच गौरव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित जिले में इन श्रेणियों में चयनित तत्वों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि इनके संरक्षण और प्रोत्साहन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अटल ज्ञान केन्द्रों की स्थापना तथा मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों के संचालन के संबंध में भी विधायकों से विस्तृत चर्चा की।

# शाहबानो के आंसू कांग्रेस को रुलाते रहेंगे

इंदौर की बेबस तलाकशुदा शाहबानो 1980 के दशक में भारत में मुस्लिम औरतों की बेबसी के प्रतीक के रूप में सामने आई थीं। उसके बाद के कालखंड में जब भी ऐसा लगने लगता है कि देश उन्हें भूलने लगा है, फिर से किसी न किसी रूप में शाहबानो प्रकरण की चर्चा शुरू हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संसद में संविधान के 75 साल पूरा होने पर हुई चर्चा के दौरान शाहबानो प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि 'सुप्रीम कोर्ट से शाहबानो को हक़ मिला था, राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को नकार दिया। वोटबैंक की राजनीति की ख़ातिर संविधान की भावना की बलि चढ़ा दी।' यह सच है कि इंसाफ के लिए तड़प रही एक महिला की बजाय राजीव गांधी ने इस्लामिक कट्टरपंथियों का खुलकर साथ दिया था। संसद में अपनी बहुमत के बल पर आनन-फानन में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को एक बार फिर पलट दिया गया था।

दरअसल, शाहबानो केस भारत की राजनीतिक और कानूनी प्रणाली में महत्वपूर्ण मोड़ था। यह मामला 1985 में सामने आया था और इसने देश में एक बड़ी बहस छेड़ दी थी। शाहबानो इंदौर की मुस्लिम महिला थीं, जिन्हें उनके पति ने तलाक दे दिया था। उन्होंने गुजारा भत्ता (भरण-पोषण) की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। निचली अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन उनके पति ने इस फैसले को मानने की बजाय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। अदालत ने यह भी कहा कि यह कानून सभी धर्मों के लोगों पर लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने देश में राजनीतिक भूचाल-सा ला दिया। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने इस फैसले का विरोध किया और इसे अपने धार्मिक कानूनों में हस्तक्षेप माना। उन्होंने सरकार पर मुस्लिम पर्सनल लॉ में बदलाव का आरोप लगाया। वे किसी भी रूप में शाहबानो के हक में खड़े होने को तैयार नहीं थे। शाहबानो एक बुजुर्ग महिला थीं, उनका साथ देने के लिए कोई भी मुस्लिम संगठन खड़ा नहीं हुआ। सबने उसे अपने हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने इस मामले में अत्यंत ही विवादास्पद कदम उठाया। उन्होंने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित किया। इस अधिनियम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने की जिम्मेदारी उसके पति के बजाय उनके परिवार या वक्फ बोर्ड पर डाल दी। वक्फ बोर्ड ने किसकी किसकी कब मदद की, यह बात न राजीव गांधी को पता थी और न उनके करीबियों को।

राजीव गांधी सरकार के फैसले की व्यापक आलोचना हुई। कई लोगों ने इसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण और लैंगिक न्याय के खिलाफ माना। जो सच भी था। इस मामले ने भारतीय राजनीति में धार्मिक और लैंगिक मुद्दों को केंद्र में ला दिया। शाहबानो केस ने धार्मिक आधार पर भारतीय समाज को ध्रुवीकृत कर दिया। इसने भारत में महिला अधिकारों और लैंगिक न्याय पर नई बहस छेड़ दी। शाहबानो केस ने राजनीतिक दलों की भूमिका और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके दृष्टिकोण को उजागर किया। देश के आम अवाम को समझ आ गया कि कांग्रेस मुसलमानों के वोट हासिल करने के लिए किसी भी हद तक समझौता कर सकती है। शाहबानो केस भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण घटना बनी हुई है, जो आज भी प्रासंगिक है। यह मामला बताता है कि कैसे धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे सामाजिक न्याय और समानता को प्रभावित कर सकते हैं। शाहबानो केस में मुस्लिम संगठनों का असली चेहरा सामने आ गया। वे तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने का हकदार नहीं मानते थे। उनका तर्क था कि यह फैसला मुस्लिम पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप करता है। इसके बाद ही, राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। कांग्रेस ने इस मामले में मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की नीति अपनाई। इसके चलते कांग्रेस को देश ने नकारना शुरू कर दिया। शाहबानो केस में कांग्रेस के स्टैंड से सख्त नाराज होकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने पार्टी छोड़ी थी। आरिफ साहब की पहचान मुस्लिम और हिंदू धर्मग्रंथों के विद्वान एवं स्वतंत्र विचारों वाले व्यक्ति के रूप में रही है। वे उदार और बुद्धिजीवी व्यक्ति हैं। आरिफ मोहम्मद खान राजीव गांधी की कैबिनेट में होने के बावजूद शाहबानो मामले में उनसे भिड़ गए थे और मंत्रिपद से इस्तीफा देकर विरोध में खड़े हो गए थे। राजीव गांधी के तुष्टिकरण भरे फैसले ने शाहबानो को झकझोर कर रख दिया।

सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट कर जिसमें तलाकशुदा शाहबानो को गुजारा भत्ता दिए जाने का निर्देश दिया गया था, इसके लिए उन्हें नया कानून बनाना पड़ा। उद्देश्य था- कट्टरपंथी मौलवियों को खुश करना। अर्थ था- संविधान के ऊपर शरीयत की वरीयता। ऐसे में बोलना तो पड़ेगा, विशेषकर कांग्रेस को और उससे भी ज़्यादा राहुल गांधी को, जो हर मौके पर हाथ में संविधान की प्रति लेकर खतरा-खतरा चिल्लाते रहते हैं। उन्हें फैसला करना पड़ेगा कि वे संविधान के पक्ष में हैं या शरीयत के? मुल्ला मुस्लिम पर्सनल लॉ के या तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते के? बड़ी मुश्किल डगर है- एक तरफ कुआं, दूसरी तरफ खाई, किधर जाएगी कांग्रेस ? सच यह है कि वक्त आने पर मुस्लिम महिलाओं के हक में तीस्ता सीतलवाड़ से लेकर वे तमाम लेखक और कैंडल मार्च निकालने वाले बुद्धिजीवी भी नदारद रहते हैं, जो बात-बात पर मुसलमान औरतें के हक में सोशल मीडिया पर लिखते-बोलते रहते हैं। दूसरी तरफ, भाजपा को हर वक्त बुरा-भला कहने वाले यह जान लें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ही अपने कार्यकाल में अभी तक मुस्लिम औरतों के हक में तमाम बड़ी योजनाएं लागू की हैं। मोदी सरकार की ही पहल पर मुस्लिम औरतों को तीन तलाक से मुक्ति मिली। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया। इसने मुस्लिम औरतों को तीन तलाक की बर्बर कुप्रथा से मुक्ति दिलाई। हालांकि, कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन ट्रिपल तलाक जारी रखने की पुरजोर वकालत कर रहे थे। यह वही लोग थे, जिन्होंने शाहबानो की लड़ाई का विरोध किया था।

# मनमोहन का स्मारक तो सही, नरसिंह राव का कब बनेगा



जितेंद्र तिवारी

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार दोपहर दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह को जिस भव्यता के साथ विदा किया गया, वे वास्तव में उसके अधिकारी थे। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल वरिष्ठ सहयोगी राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के समय उपस्थित रहे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान सहित सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों की उपस्थिति में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ और 21 तोपों की सलामी देकर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार की उपस्थिति का यहां इसलिए उल्लेख करना अनावश्यक है क्योंकि उन्हें तो उपस्थित रहना ही चाहिए था।

कौन नहीं जानता कि एक बेहद ईमानदार छवि वाले और पूर्ण सादगी से जीवन जीने वाले मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही देश में सबसे ज्यादा घपले-घोटाले सामने आए थे। यह बात सही है कि मनमोहन सिंह एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। वे कैसे प्रधानमंत्री बने, वह एक अलग कहानी है। हां, पर वे पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर (प्रधानमंत्री) नहीं थे। सही मायने में राजीव गांधी पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। उसके बाद चंद्रशेखर, एच.डी. देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और डॉ. मनमोहन सिंह को इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। वैसे, किसी दिवंगत व्यक्तित्व की कठोर आलोचना ठीक नहीं होती। पर वस्तुतः डॉ. मनमोहन सिंह राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। जो इतिहास है वह यह लिखा जाएगा कि डॉ. मनमोहन सिंह बड़े अर्थशास्त्री, विचारक, शिक्षक और एक समर्पित नौकरशाह थे। इसीलिए सोनिया गांधी के संवैधानिक कारणों से प्रधानमंत्री न बन पाने और उसे त्याग प्रचारित कर मनमोहन सिंह का चुनाव किया। सरकार के ऊपर नेशनल एडवाइजरी कमेटी बनाकर जैसे देश का शासन सोनिया परिवार ने पर्दे के पीछे से चलाया, वह भारत की राजनीति में कभी नहीं हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए टूजी, थ्रीजी, कोयला, एशियन गेम्स आदि घोटलों की लंबी फेहरिस्त को दोहराने की आवश्यकता नहीं। मनमोहन सिंह की साफ-सुथरी छवि को सामने रखकर कांग्रेसियों ने घपले-घोटालों का ऐसा दौर चलाया कि जनता खुद ही जतंर-मंतर पर जुटने लगी और कुछ नौसिखियों ने उन्हें भुना लिया। यह अलग बात है कि आज वे उसी भ्रष्टाचार की दलदल में डूबे दिल्ली व पंजाब की सत्ता पर काबिज हैं। उस दौर में प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर होने से पहले सरकारी फाइलें सोनिया गांधी तक जाती थीं, यह एक ओपन सीक्रेट है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के युवराज कहे जाने वाले राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल द्वारा पारित एक प्रस्ताव को दिल्ली के प्रेस क्लब में आकर जैसे फाड़ा, वैसा





अपमान आज तक देश के किसी प्रधानमंत्री का नहीं हुआ होगा। वह ऐसा मामला था जब प्रधानमंत्री के छोटे भाई ने ही बयान दिया था कि कुछ तो अपनी सरदारी का ख्याल रखिए। घपले-घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों, प्रधानमंत्री कार्यालय से ऊपर एक सत्ता केन्द्र से संचालित होने और कांग्रेस द्वारा ही अपमानित किए जाने के अनेक मामलों को लेकर मनमोहन सिंह को भारी आलोचना का सामना करना पड़ता था, पर वे शांत रहकर उसे आत्मसात कर लेते थे। कांग्रेस की कारगुजारियां छिपाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी कटु आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया था कि वे 'रेनकोट पहनकर नहाते थे।'

इस सबके बावजूद भारत की मौजूदा सरकार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति जो सम्मान और संस्कार प्रकट किया है, वह सीख लेने लायक है। इसे पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति प्रकट की जाने वाली राजनीतिक शालीनता और आदर्श व्यवस्था की तरह देखा जाना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के समाचार के बाद सरकार ने प्रोटोकॉल के तहत जो संभव था, वह तो किया ही। उससे भी कहीं अधिक जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुई। ऐसा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के समय भी नहीं हो पाया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम उनके संस्कार में सम्मिलित नहीं हो सके थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का विषय अलग है। उनका निधन तब हुआ जब उनके द्वारा रोपे गए बीज से बना विशाल वृक्ष देश की सत्ता पर आसीन था और उनके सहचरी ही सत्ता को संचालित कर रहे थे।

इतना सम्मान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस स्मारक बनाने की आड़ में मनमोहन सिंह का एक और अपमान कराने का कारण बनी है। स्मारक का विवाद इसीलिए खड़ा किया गया है। यह जानते हुए भी कि उसकी एक प्रक्रिया है। इस सबके बीच एक पूर्व प्रधानमंत्री का नाम और चर्चा में आ गया- पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव। वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें देश की राजधानी में दो गज जमीन तक तो छोड़िए, अंतिम संस्कार का भी अवसर नहीं दिया गया और न ही सैन्य सम्मान। 2004 में जब उनका निधन हुआ तब उनकी ही पार्टी कांग्रेस की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे। जो सोनिया परिवार आज मनमोहन सिंह के लिए स्मारक की मांग कर रहा है, उसने अपने ही नेता नरसिंह राव के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे तक नहीं खोले थे। नरसिंह राव की पार्थिव देह 10 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर एंबुलेंस में आधे घंटे तक पड़ी रही पर उसे भीतर लाने की इजाजत नहीं दी गई। फिर राव के परिजनों पर यह दबाव बनाया गया कि वे यह बयान दें कि वे अपने पिताजी का अंतिम संस्कार हैदराबाद में करेंगे। यह बयान भी इस शर्त पर दिलवाया गया था कि यदि वे ऐसा करते हैं तो दिल्ली में नरसिंह राव की स्मृति में एक स्मारक बनाया जाएगा। इसके बाद प्रतीकात्मक तौर पर मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी समेत कुछ लोगों ने एंबुलेंस में पुष्पांजलि अर्पित कर उसे हवाई अड्डे के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसा क्यों किया गया, उसका एक कारण है, पर इसी में छिपा कांग्रेसी संस्कार है। यही कांग्रेसी संस्कार पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के लिए भी प्रकट किया गया। जीवन भर कांग्रेसी रहे प्रणब दा के निधन पर कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा शोक प्रस्ताव न किए जाने को उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ही सामने लेकर आयीं हैं।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा और संस्कारों को साथ लेकर चली और बढ़ी है, उसमें राजनीतिक विरोध को अस्पृश्यता के स्तर तक नहीं स्वीकार किया जाता। यही कारण है कि मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार और सम्मान में कोई कोर कसर नहीं रखी। यह पहला मौका था जब किसी राष्ट्रपति ने निगमबोध घाट पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हों। प्रोटोकॉल में यह आवश्यक नहीं था। राष्ट्रपति चाहती तो उनके आवास पर जाकर पुष्पांजलि कर सकती थीं। पर राजनीतिक विरोध और पक्ष-विपक्ष को नजरंदाज कर मोदी सरकार ने एक बड़ा संदेश दिया है।

जहां तक स्मारक बनाने वाले स्थल पर ही अंतिम संस्कार का सवाल है तो यह जानना जरूरी है कि अब राजघाट के आसपास का स्थान इसके लिए एक नियम के अनुसार ही आवंटित किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के बाद भी पार्टी की ओर से तत्काल अटल स्मारक न्यास गठित किया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया और जहां आज 'अटल सदैव' स्मारक है, उसके लिए भाजपा ने एक प्रक्रिया का पालन कर जमीन का भुगतान किया है। कांग्रेस भी जब अपने किसी नेता के नाम पर स्मारक बनाकर सरकार से जमीन के लिए आवेदन करेगी, उसे मिल जाएगी। पर कांग्रेस को पहले यह तो बताना ही होगा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव का स्मारक कब बनवाएगी? सन् 2004 से लेकर 2014 तक सत्ता में रहने के बावजूद राव की आत्मा से किया गया वादा कांग्रेस नहीं निभा सकी। क्या वह मनमोहन सिंह से पहले नरसिंह राव का स्मारक बनाने का प्रस्ताव लाएगी? कांग्रेस ऐसा करे तभी नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, डॉ. आम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री से लेकर सीताराम केसरी, नरसिंह राव और प्रणब मुखर्जी तक को अपमानित किए जाने के पाप से मुक्त हो पाएगी।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार के संपादक हैं।)**

# इंडिया गठबंधन वैचारिक एकता पर आधारित हो अवसरवाद पर नहीं



तनवीर जाफरी

लोकसभा चुनावों से पहले यानी जुलाई 23 में 15 दलों के साथ बने उसी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन अर्थात यूपीए ने इण्डिया गठबंधन नामक एक नया विपक्षी गठबंधन बनाने का प्रयास शुरू किया था। परन्तु इस बार इसमें 15 राजनैतिक दल नहीं बल्कि 26 पार्टियां शामिल हुई थीं। इण्डिया गठबंधन के अस्तित्व में आते ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की नींदें उड़ गयी थीं। सबसे पहले तो भाजपा नेता काफी दिनों तक इण्डिया गठबंधन (भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन) में INDIA नाम के शामिल होने पर ही शोर शराबा करते रहे। उसके बाद जिस भाजपा ने दस वर्षों तक अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगियों की कभी बैठक बुलाने की ज़रुरत महसूस नहीं की थी उसी भाजपा को इण्डिया गठबंधन के मुकाबले राजग/NDA की भी पहली बार बैठक बुलानी पड़ी। उधर इण्डिया गठबंधन पर सिर मुंडाते ही ओले तब पड़ने लगे जबकि इण्डिया गठबंधन के अगुआकारों में सबसे अग्रणी भूमिका निभाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार स्वयं ही इण्डिया गठबंधन छोड़ भाजपा से ही गलबहियां कर बैठे। परन्तु इसके बावजूद 2024 में आये चुनाव परिणाम ने यह सन्देश ज़रूर दे दिया कि यदि विपक्ष पूरी ईमानदारी व एकता के साथ सत्ता को चुनौती देगा तो निश्चित रूप से परिणाम चौंकाने वाले होंगे। परन्तु इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इसी इण्डिया गठबंधन में कुछ दल ऐसे भी शामिल हैं जिनके गठबंधन में शामिल सबसे बड़े दल कांग्रेस से बुनियादी वैचारिक मतभेद भी हैं। और समय-समय पर यह मतभेद उभर कर सामने आते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का अयोध्या मंदिर/मस्जिद विषय तथा सावरकर जैसे मुद्दों को लेकर विशेषकर कांग्रेस व अन्य समाजवादी दलों के साथ मतभेद का प्रश्न? इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी का गठबंधन में शामिल वामदलों को सहन न कर पाना। जबकि कांग्रेस द्वारा पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म निभाते हुये व बड़ा दल होने के नाते भी बड़े दिल का सुबूत देते हुये हरियाणा से लेकर बंगाल व बिहार झारखण्ड तक




वामपंथियों को समझौते के अनुसार प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की जाती रही है।

इसी तरह देश का सबसे नया राजनैतिक दल यानी आम आदमी पार्टी भी समय समय पर खास तौर पर सीटों के बंटवारे को लेकर सार्वजनिक रूप से गठबंधन की फूट को उजागर करने का काम करती रही है। पंजाब, हरियाणा से लेकर दिल्ली, हिमाचल व गुजरात तक यही देखा जा रहा है। और पिछले दिनों ऐसे समय में जबकि दो महीने बाद ही फरवरी 25 तक दिल्ली विधानसभा की घोषणा की संभावना है इस वातावरण में जबकि इण्डिया गठबंधन को पूरी तरह संगठित नज़र आना चाहिए था बजाये इसके बजाये दिल्ली में गठबंधन के दोनों ही प्रमुख सहयोगियों कांग्रेस व आप में तलवारें खिंच गयी हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ 'श्वेत पत्र' जारी किया। इसी दौरान कांग्रेस नेता अजय माकन ने कई ऐसे आरोप लगा दिये जिससे आप नेता तिलमिला उठे। माकन ने कहा कि "पहले केजरीवाल को समर्थन देना गलती थी और गठबंधन करना भी भूल थी। केजरीवाल भरोसे के योग्य नहीं। उनकी कोई विचारधारा नहीं है। केजरीवाल 'फ़ज़ीवाल' हैं वे राष्ट्र विरोधी हैं।" राष्ट्रविरोधी शब्द से आप तिलमिला उठी और जवाब में आप नेताओं ने कांग्रेस से अजय माकन पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी, इंडिया गठबंधन के नेताओं से मांग करेगी कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से हटाएं."

इंडिया गठबंधन में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी कांग्रेस वामपंथियों व अन्य गांधीवादी व समाजवादी विचारधारा रखने वाले दलों के साथ शामिल है। परन्तु यह साथ भी पूरी तरह अवसरवादी है। क्योंकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना 6 दिसंबर की अयोध्या घटना का श्रेय भी लेना चाहती है,स्वयं को उस घटना का अगुवाकार भी बताती है। इसी तरह सावरकर को लेकर शिवसेना (उद्धव) के विचार इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों से अलग हैं। शिवसेना (उद्धव) सावरकर को हीरो बताती है जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दल इन दोनों ही मुख्य मुद्दों पर शिवसेना (उद्धव) से मतभेद रखते हैं। दूसरी और इन्हीं दोनों मुद्दों पर भाजपा व शिवसेना (उद्धव) के मत एक समान हैं। गोया वैचारिक व सैद्धांतिक समानता शिवसेना (उद्धव) व भाजपा में है न कि शिवसेना (उद्धव) व कांग्रेस या इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों में। इसलिए इस तरह का गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता हथियाने का अवसरवादी खेल है न की सिद्धांतवादी राजनीति का हिस्सा। उधर ममता बनर्जी व उनकी तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी जैसे बड़े क्षेत्रीय दल इंडिया गठबंधन में शामिल तो ज़रूर हैं परन्तु लोकसभा, विधानसभा व उपचुनावों के दौरान प्रत्याशी घोषित करते समय कांग्रेस पार्टी व ऐसे क्षेत्रीय दलों के बीच जिस समय रस्सा कशी होती है और मतभेद उभरते दिखाई देते हैं उससे भी साफ पता लगता है कि विभिन्न दल साथ साथ तो ज़रूर हैं परन्तु सभी की कोशिश यही रहती है कि किस तरह अपने आधार का और अधिक विस्तार करें और अपने सहयोगी दल को जितना हो सके पैर पसारने से रोकें। उधर क्षेत्रीय दल जिसतरह गठबंधन के समय भाजपा से भयभीत रहते हैं उसी तरह कांग्रेस के विस्तार का भय भी उन्हें सताता है। उधर यह भी सच है कि जिन जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल मज़बूत रहे हैं प्रायः वहां वहां दक्षिणपंथी ताकतों को मुंह की खानी पड़ी है परन्तु ठीक इसके विपरीत जहां-जहां कांग्रेस के साथ भाजपा का सीधा मुकाबला रहा है वहां वहां प्रायः भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली है। इसलिये क्षेत्रीय दलों की प्रासंगिकता से भी हरगिज़ इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही यह भी सत्य है कि अवसरवाद पर आधारित गठबंधन टिकाऊ हरगिज़ नहीं हो सकता। लिहाज़ा यदि देश को अतिवादी शक्तियों से बचाना है और भारत की पहचान बन चुकी गांधीवादी नीतियों व सिद्धांतों को आगे बढ़ाना है तो इण्डिया गठबंधन में शामिल सभी दलों में वैचारिक एकता होनी तो ज़रूरी है ही साथ ही यह गठबंधन अवसरवाद पर आधारित हरगिज़ नहीं होना चाहिये।


# आरएसएस की मूल अवधारणा से अलग राह चल रहे मोहन भागवत!



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में पुणे में मोहन भागवत में सहजीवन पर आयोजित व्याख्यानमाला में एक ऐसी टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने की जरूरत नहीं है। उनके इस बयान पर उठा तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदू समाज के ही कई संतों ने ऐतराज जताया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और रामभद्राचार्य ने आपत्ति जताई है। यहां तक कि भाजपा सांसद साक्षी महाराज का भी कहना है कि कौन नहीं जानता कि मंदिरों को तोड़कर ही मस्जिदें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि कुतुब मीनार में तो लिखा ही गया है कि इसका निर्माण 27 मंदिरों को तोड़कर किया गया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों हर मस्जिद के नीचे मंदिर न खोजने की नसीहत दी थी। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि कुछ राम मंदिर जैसे मामले खड़े करके हिंदुओं के नेता बनना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने दिया जा सकता। मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने भाजपा और अन्य संगठनों से इस पर अमल करने को कहा है। वहीं आरएसएस में अंदरखाने की मोहन भागवत के बयान से असहमति जताई जा रही है। यही नहीं आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर ने तो अपने ताजा में अंक में संभल के मुद्दे को ही कवर स्टोरी बनाया है। संभल को पत्रिका के पहले स्थान पर जगह दी गई है, जिसका शीर्षक है- सभ्यतागत न्याय की लड़ाई।संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने लिखा है कि यह लड़ाई तो किसी का भी व्यक्तिगत या सामुदायिक अधिकार है। पत्रिका का कहना है कि कोई भी अपने पूजा स्थलों को मुक्त कराने के लिए कानूनी ऐक्शन की मांग कर सकते है। इसमें आखिर क्या गलत है। यह तो हम सभी को मिला एक संवैधानिक अधिकार है। इसके अलावा पत्रिका ने इसे सोमनाथ से संभल तक की लड़ाई से जोड़ दिया है। मैगजीन के कवर पेज में संभल की एक तस्वीर को रखा गया है। पत्रिका में लिखा गया है कि संभल में जो कभी श्री हरिहर मंदिर था, वहां अब जामा मस्जिद बनी है। उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक कस्बे में ऐसे आरोप ने नया विवाद खड़ा कर दिया है।

आपको जानकारी देते हैं 1975 के अंत में जब देश तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लगाए हुए आपातकाल से जूझ रहा था, पशु चिकित्सा में अपना स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अधूरा छोड़ कर 'मोहन राव मधुकर राव भागवत' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक स्वयंसेवक बन गए। वह विभिन्न पदों से गुजरते हुए 2009 से इसके सरसंघ चालक हैं तथा समय-समय पर धर्म, समाज और राजनीति से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय देते रहते हैं। इसी श्रृंखला में 20



दिसम्बर को श्री मोहन भागवत ने पुणे में आयोजित 'सह जीवन व्याख्यान माला' में ' भारत विश्वगुरु' विषय पर व्याख्यान दिया और भारतीय समाज की विविधता को रेखांकित करते हुए मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठाने पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि ऐसे मुद्दों को उठाकर वे हिन्दुओं के नेता बन सकते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिन्दुओं की आस्था का विषय था।

राम मंदिर होना चाहिए था और हुआ परंतु रोज नए मुद्दे उठाकर घृणा और दुश्मनी फैलाना उचित नहीं। हर दिन एक नया विवाद उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता।

अपने भाषण में उन्होंने सब लोगों को अपनाने वाले समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत देश सद्भावना पूर्वक एक साथ रह सकता है। 'रामकृष्ण मिशन' में 'क्रिसमस' मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं।

श्री भागवत के अनुसार बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक ? यहां सभी समान हैं। जरूरत सद्भावना से रहने और कायदे- कानूनों का पालन करने की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 3 जून, 2022 को भी श्री भागवत ने नागपुर में स्वयंसेवकों की एक सभा से पहले अपने संबोधन में कई संदेश दिए थे जिनमें उन्होंने श्रद्धा और ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद पर हिन्दू दावे का समर्थन किया था, परंतु इसके साथ ही बलपूर्वक यह भी कहा था कि 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' देश भर में किए जा रहे ऐसे दावों का समर्थन नहीं करता। उन्होंने इस तथ्य को दोहराया था कि आक्रमणकारियों के जरिए इस्लाम भारत में आया था, लेकिन जिन मुसलमानों ने इसे स्वीकार किया है वे बाहरी नहीं हैं, इसे समझने की जरूरत है। भले ही उनकी प्रार्थना (भारत से) बाहर से आई हो और वे इसे जारी रखना चाहते हैं तो अच्छी बात है। हमारे यहां किसी पूजा का विरोध नहीं है। मस्जिदों में जो होता है, वह भी इबादत का ही एक रूप है। ठीक है यह बाहर से आया है।

श्री भागवत के अनुसार हिन्दुओं के दिलों में खास महत्व रखने वाले मंदिरों के मुद्दे अब उठाए जा रहे हैं... हर रोज कोई नया मुद्दा नहीं उठाना - चाहिए। झगड़े क्यों बढ़ाते हैं? 'ज्ञानवापी' को लेकर हमारी आस्था पीढ़ियों से चली आ रही है। हम जो कर रहे हैं वह ठीक है परंतु हर मस्जिद में शिवलिंग की तलाश क्यों? उधर सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा है कि मोहन भागवत जी ने सही कहा है परंतु उनकी बात कोई नहीं सुनता। श्री भागवत की उक्त बातों पर कोई टिप्पणी न करते हुए हम इतना ही कहेंगे कि भाजपा की अभिभावक संस्था 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के प्रमुख होने के नाते श्री मोहन भागवत का हर कथन मायने रखता है।हालांकि कुछ लोग मानते हैं कि मोहन भागवत चर्चा में बने रहने के लिए अक्सर लीक से हटकर बयानबाजी करते हैं। क्या भागवत संघ को दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मकता वादी दर्शन से पृथक कर गांधी वादी दर्शन को स्वीकारने की पहल करना चाहते हैं? या वह स्वयं संघ के महात्मा गांधी बनने की राह चुन रहे हैं?

श्री भागवत के इस नए दर्शन पर सभी संबंधित पक्षों को विचार करने की आवश्यकता है क्या भागवत ने विवादों के पैदा होने से आशंकित हैं और सच्चाई से मुंह चुराने की राह चुन चुके हैं और उसी को संघ की नीति बतौर रख रहे हैं। लेकिन उनकी इस सोच को लेकर संघ के भीतर भी एक धड़ा असहमत और असहज महसूस कर रहा है। क्या यह असहमति उनकी मान्यताओं को बदलाव के लिए मजबूर करेगी या उनकी सोच को अंगीकार कर घुटने टेक देगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### ऑफ आईस हॉकी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे जोधपुर का जलवा




**चमकता राजस्थान। अनिल पुष्करणा/फलोदी।** ऑफ आईस हॉकी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे फलोदी के 24 खिलाडीयो ने भाग लिया। इस राज्य स्तरीय ऑफ आईस हॉकी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के पुरूष वर्ग ने स्वर्ण पदक,18 वर्ष से कम पुरूष वर्ग ने रजत पदक, वरिष्ठ वर्ग मे महिला वर्ग ने स्वर्ण पदक और पुरूष वर्ग ने रजत पदक, प्रतियोगिता में फलोदी के रामनिवास व राजप्रिंस ने 2-2 गोल दागे हिमांशु ने 1 गोल दागा। जोधपुर की टीमो ने अलग-अलग वर्गो मे 2 स्वर्ण पदकों 2 रजत पदको पर अपना कब्जा जमाया। विजेताओं को खेल और सांस्कृतिक विकास संस्थान की संचालिका विजय श्री थानवी ने बधाई दी।
इस प्रतियोगिता मे विजेता प्रतिभागी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता और खेलो इन्डिया मे भाग लेंगे।

### मानव समाज सेवा संस्थान,सनराइज फ्रेंड्स सोसाइटी एवं ढन्ड डायबिटीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान,राजस्थान,सनराइज फ्रेंड्स सोसाइटी एवं ढन्ड डायबिटीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में न्यू सांगानेर रोड स्थित 70,कटेवा नगर में रक्तदान एवम चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया।
जिसमें 61 लोगों ने रक्तदान किया,इस मौक़े पर ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर,थाइरोइड,बी एम डी,फाइब्रोस्कैन एवम आंखों की जाँच की गई। संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में डॉ सुनील ढन्ड,डॉ अजीत सहारण,डॉ प्रवीण कुमार, डॉ जलज मीना ने अपनी सेवाएँ प्रदान की । इस अवसर पर विजय सैनी,दिलखुश मीणा,आशीष पोरवाल, विपिन गुप्ता,काली चरण गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### मॉडल ऑफ़ द ईयर 2024 का ब्रांड एम्बेसडर 30 दिसंबर को आयोजित होगा

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** गोल्ड इवेंट्स और जयपुर ग्रीन डेवलपर्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम मॉडल ऑफ द ईयर 2024 बीसलपुर होटल एंड रिजॉर्ट में आयोजित होगा इवेंट के संयोजक राज शर्मा ने बताया इस समारोह में आदर्श स्कूल एवं कॉलेज ग्रुप के निर्देशक अविनाश शर्मा, प्रज्ञा टिंबरेवाल निर्देशक ज्वेलर्स जूरी मेंबर डॉक्टर नीलम त्यागी,जूरी मेंबर, याचना दरयानी विशिष्ट अतिथि एवं कंचन आनंद, अर्पण बाजपेई,कन्नू मेहता,मधु वरयानी स्नेहलता भारद्वाज, शैलेश शर्मा विशेष अतिथि होंगे कार्यक्रम में मॉडल, ज्वेलरी, डिजाइनर, स्त्र४' मॉडल सोनिया शर्मा, किरण शर्मा, सुनीता मीणा, पूजा चौधरी, ज्योति मिश्रा, शैलेश शर्मा, कंचन आनंद,प्रिया राठौर, अंजू यादव ,प्रियंका मीणा, उषा मोदी ,रूपल जैन, मेघा नईबाल, सोनिया सिंधु ,कृति शर्मा, पूजा शर्मा ,शालू मेहरा, किरण शर्मा, मीनाक्षी चौधरी, उर्मिला जांगिड़, प्रीति गोयल, जय श्री शर्मा , प्रिया डोगरा, प्रज्ञा टिंबरेवाल, अंबिका माथुर ,मोनिका शर्मा , कोमल शेरावत ,तृप्ति विजय ,डॉ. नीलम त्यागी, इशा कोहली , आलिया महेश्वरी स्वापल जैन, , सपना , सहित कई हस्तियां हिस्सा लेंगी वर्ष 2024 का ब्रांड एंबेसडर पूजा शर्मा को नियुक्त किया गया है, संस्था के राहुल शर्मा ने बताया कि पूजा शर्मा विगत कई वर्षों से मॉडलिंग और फैशन शो के कई खिताब जीत चुकी है, साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी कार्य कर रही है, पूजा की इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए इनको ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है !

### जिलों को निरस्त करना राजनीतिक प्रतिशोध : गहलोत



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के सिविल लाइन स्थित आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविवार को प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संभाग ओर जिले निरस्त किए जाने को राजनीति साजिश करार देते हुए कहा कि यह फैसला एक जनविरोधी निर्णय है, जो राजस्थान के लोगों के हितों के विरुद्ध है। गहलोत ने कहा कि हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इन जिलों का गठन किया था ताकि राजस्थान के लोगों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकें। भाजपा सरकार का यह फैसला राजनीतिक प्रतिशोध है यह फैसला राजस्थान के लोगों के हितों के विरुद्ध है और यह सरकार की विफलता को दर्शाता है। पूर्व मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने डीग जिले को जो की भरतपुर से मात्र 38 किलोमीटर दूर है को यथावत रखा जबकि जिन जिलों को समाप्त किया है वह 50 किलोमीटर से डेढ़ सौ किलोमीटर की दूरी के हैं। गहलोत ने बताया कि यह अलोकतांत्रिक निर्णय राजस्थान के विकास को बाधित करेगा। प्रदेश की जनता इसके खिलाफ़ लड़ाई लड़ेगी।

## भैंसीना में हुई किसानों की सभा

# देश में सबसे ज्यादा दुःखी किसान : रामकिशन

चमकता राजस्थान



- **बाणगंगा नदी में पानी लाये सरकार**
- **पानी और रोजगार पर हुई चर्चा**
- **हलैना की सभा के लिया किया आहवान**

भुसावर (राजवीर सिंह)। समाजवादी विचारक और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा दुःखी किसान वर्ग है और किसानों का कर्जा माफ होना चाहिये तथा अमीर लोगों पर टैक्स लगातार उस पैसे को खेती और सिंचाई के साथ साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिये ।
पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन रविवार को ग्राम भैसीना में आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि देश में 88% किसान छोटी जोत बाले है जब किसान को सस्ता पानी मिलेगा तो उसकी आमदनी बढ़ेगी और बिजली का खर्चा कम हो जायेगा । उन्होंने कहा कि देश में गरीब और अमीर का फर्क बढ़ता जा रहा है तथा गलत नीतियों के ही कारण आज भारत में चीन और अमेरिका से ज्यादा अरबपति हो गये है जिनके साथ ज्यादा सम्पति और अधिक आमदनी होने की वजह से देश में आर्थिक गैर बराबरी बढ़ती ही जा रही हैं तथा आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति कम होती जा रही है ।
उन्होंने कहा कि नरेगा के कार्य दिवस को बढ़ाकर सरकार को 200 दिन कार्य दिवस की गारन्टी देनी चाहिये । उन्होंने कहा कि सरकार जहाँ एक तरफ 28 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर करने की बात कह रही है जबकि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रही है अब सबाल उठता है कि जब देश में गरीबी कम हुई है तो दूसरी और आयकर दाताओं की संख्या भी तो बढ़नी चाहिये । उन्होंने कहा कि देश की कुल आवादी में से महज एक प्रतिशत लोग ही टैक्स दे रहे है , कर्जाभार और विकास की जरूरत को देखते हुऐ टैक्स के दायरे को और धनाढ़्य लोगों पर बढ़ाना चाहिये ताकी उस टैक्स के पैसे से पानी ' शिक्षा और स्वास्थ्य की और बेहतरीन व्यवस्था हो सके ।
उन्होंने कहा कि आजादी से अब तक देश में 70 हजार किसानों ने आत्महत्याऐं की है लेकिन पिछले तीन दशकों में 40 हजार किसानों ने आत्म हत्याऐं की है । किसान आन्दोलन में विगत वर्षों में करीब 700 किसानों की मौते हुई है । उन्होंने कहा की उपभोक्ताओं को सस्ता खाद्यान मिले , मंहगाई कम रहे इस नाम पर सरकारों ने पूरा वजन डाल दिया किसानों पर जिसकी बजह से किसान कर्जदार होता चला गया ।
उन्होंने कहा कि इस वर्ष बैंको ने 16 लाख करोड़ से अधिक का कर्जा माफ किया है लेकिन उसमें से 12 लाख करोड़ से अधिक का कर्जा बड़े उद्योगपतियों और कम्पनियों का ही कर्जा माफ किया है।
सभा मे किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि जब तक किसानों को उनके उत्पादों का बाजार में लाभकारी मूल्य की गारन्टी का कानून नहीं बनता तब तक किसानों की हालत नहीं बदल सकती । उन्होंने कहा कि खाद , बीज ' कीटनाशक , टेक्ट्रर ' डीजल ' बिजली आदी के दाम कई गुने अधिक बढ़ गये जिसकी बजह से खेती की लागत बढ़ी और किसान कर्जदार होता चला गया ।
किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि अपने हकों के लिये किसानों को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिये क्योंकि सभी सरकारों ने किसान की उपेक्षा की है । किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने किसानों को आ''ान किया कि किसान हित में 12 जनवरी को हलैना में होने वाले किसान सम्मेलन में सभी किसान और नौजवानों को हिस्सा लेना चाहिये जिसमे पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक भाग लेगे ।
सभा में भरतपुर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्धाज ( भूरा ) प्रवीण विजवारी ' भाकियू चढ़ूनी के संभाग अध्यक्ष निभर्य सिंह बड़ेसरा ' श्री राम चन्देला ' ने सरकार से इआरसीपी के समझौते को सार्वजनिक करने की माँग रखी । जबकि पूर्व सरपंच हुक्म सिंह झारौटी ' सरपंच बिजेन्द्र सिंह बबेखर ' ठा० तेज सिंह पथैना ' शिशुपाल पथैना ' पूर्व सरपंच केशव देव शर्मा ' ने भी अपने विचार प्रकट किये ।
पानी और रोजगार के मुद्दों को लेकर आयोजित हुई इस किसान सभा में मौजूद किसानों ने एकजुट होकर सरकार से जहाँ सिंचाई पानी के लिये बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने सहित इआरसीपी - पीकेसी के प्रथम चरण में ही भरतपुर और डीग जिलों को सिंचाई के पानी का इंतजाम करने की माँग की गई । किसानों नें वैर के सीता बाँध को भी विकसित करके बन्ध बारैठा पाइप लाइन स्कीम से जोड़ने की माँग रखी तथा रोजगार के लिये प्रदूषणा रहित उद्योग धन्धे लगाने की माँग की । किसानों ने कहा कि वगैर पानी के खेती बंजर हो गई है , गहरे ट्यूबवैल पाताल तोड़ भी पानी सूख चुके है , बगैर सिंचाई पानी के खेती बर्बाद हो गई और किसान कर्जदार हो गये है , इसलिये सरकार को शीघ्र ही बाणगंगा नदी में पानी लाने की व्यवस्था करनी चाहिये । सभी किसानों ने पानी और रोजगार को लेकर कस्वा हलैना में 12 जनवरी को होने जा रहे किसान सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचने का संकल्प लिया ।
सभी किसानों ने निर्णय लिया कि पानी आने तक संघर्ष जारी रहेगा । किसानों की सभा में करीब एक दर्जन समीपवर्ती गाँवों के किसानों ने सैंकड़ों की संख्या में हिस्सा लिया । कार्यक्रम में घनश्याम गाजीपुर , रमेश इन्दोलिया गाजीपुर , रामचरन गुर्जर भैसीना ' दरब मीणा पूर्व सरपंच ' रमेश चन्द पूर्व सरपंच ' रामचरन मीणा ' बच्चू सिंह ' मूल चन्द पीटीआई ' हरीराम मीणा ' जीवन पंडित ' मुकेश चौधरी ' दिनेश सेठ ने भी हिस्सा लिया । सभा में सभी किसानों ने पानी आन्दोंलन के लिये पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह जाट सहित सभी नेताओं का जोरदार अभिनंदन किया गया ।
सभा की अध्यक्षता रामचरन मीणा ने की जबकि मंच का संचालन शिशुपाल सिंह पथैना ने किया । आभार रामचरन फौजी ने प्रकट किया ।

# देश की आर्थिक उन्नति और प्रगति में डॉ. मनमोहन सिंह का विशिष्ट योगदान : तंवर

## देश डॉ मनमोहन सिंह का ऋणी : पूर्व विधायक धनदेव

चमकता राजस्थान




**जैसलमेर।(सी आर देवपाल म्याजलार)।** जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जहां मनमोहन सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा । पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पूरी दुनिया में भारत का लोहा मनवाया दुनिया के विख्यात अर्थशास्त्री के रुप में मनमोहन सिंह ने भारत को इस समय आर्थिक रूप से उभारा जब अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया के बहुत सारे देशों में जब आर्थिक संकट के कारण बैंक बन्द हो रहे थे सरकारी नौकरी से कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ रही थी जबरदस्ती इस्तीफ़े लिए जा रहे थे उस समय भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रुप में दुनिया का नेतृत्व कर रहा था मनमोहन सिंह ना सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री रहे आप सन् 1991 में भारत के वित्त मंत्री रहे सन् 1998 से 2004 तक राज्यसभा में नेताप्रतिपक्ष रहे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे, यूजीसी के चेयरमैन रहे एक अर्थशास्त्री के रुप में दुनिया के सबसे ज्यादा किताबें जो मनमोहन सिंह ने लिखी वह पढ़ी जाती है उनकी अर्थ नीतियों पर दुनिया के कई विश्वविद्यालय में शोध कार्य होते हैं उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में सुचना का अधिकार शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार मनरेगा भोजन का अधिकारखाद्य सुरक्षा देश की जनता को दिया तथा बीआरजीएफ पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के माध्यम से पिछड़े जिलों को मुलभूत सुविधाओं के लिए विशेष बजट आवंटित कर उनका जीवन स्तर सुधारा। भारत की आर्थिक उन्नति में उदारीकरण निजीकरण और वैश्वीकरण के माध्यम से अपने सबसे बड़ा योगदान दिया ।
पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक वैश्विक और अर्थ शास्त्री के लिए विख्यात रहे उन्होंने आर्थिक सुधार किये और देश को मजबूत नेतृत्व दिया इस अवसर पर उप जिला प्रमुख डॉ भुपेंद्र बारुपाल ने भी श्रद्धांजलि देते हुए महान शख्सियत बताया और उनकी कमी देश आने वाले समय में महसूस करेगा इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर पूर्व विधायक रुपाराम धणदेव जैसलमेर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुन्दन प्रजापत उप जिला प्रमुख डॉ भुपेंद्र बारुपाल उपाध्यक्ष सुमार ख़ान कंधारी रतनाराम भील राधेश्याम कल्ला रेशमाराम भील नवरंग खान कंधारी प्रेम भार्गव प्रेम डूंगर सिंह रमेश खत्री दिलिप सिंह सोलंकी ब्रहमसर जैनाराम सत्याग्रही भरत श्रीमाली पम्मू मल भार्गव चन्दप्रकाश पुरोहित भगवानाराम भील शाहरुख खान दिलीप बारुपाल मनीष व्यास प्रताप दैया विनोद कुमार ललित बारुपाल सहीत कांग्रेस जन ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा ।

### जिला कलक्टर ने जिले में अकार्यशील खुले बोरवेल व ट्यूबवेल को अभियान चलाकर बंद करवाने के जारी किए निर्देश

- **ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय सुरक्षा समिति द्वारा अपने क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया जाकर समस्त खुले बौरवेल / ट्यूबवेल को किया जाएगा बंद : जिला कलक्टर**

**चमकता राजस्थान। अनिल पुष्करणा/फलौदी।** अकार्यशील खुले बोरवेल / ट्यूबवेल के कारण होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोक थाम को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर एच.एल अटल द्वारा सभी उपखंड अधिकारियों,विकास अधिकारियों, तहसीलदारों व अधीक्षण अभियंता पीएचईडी व आईजीएनपी को आदेश जारी करते हुए अभियान चलाकर खुले पड़े बोरवेल / ट्यूबवेल को बंद करने/सुरक्षित पद्धती से ढक लेने / तारबंदी से ट्यूबवेल का क्षेत्र सुरक्षित करने के निर्देश जारी किए।
जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारी को विकास अधिकारी व तहसीलदार के साथ ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय समिति का गठन करते हुए अभियान रूप में भौतिक निरीक्षण कर समस्त खुले बौरवेल / ट्यूबवेल को बंद करके इस आशय का प्रमाण पत्र खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय में भिजवाने के निर्देश प्रदान किए हैं।
जिला स्तर पर इस कार्य के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया हैं जो इन प्रमाण पत्रों को विकास अधिकारियों से संकलित करेंगी। साथ ही भविष्य में भी नये खुदने वाले ट्यूबवेल / बोरवेल खुले नही रहे इसकी मोनीटरिंग के लिए मासिक सूचना प्रत्येक माह की 10 तारीख तक संकलित की जाएगी। जिला कलक्टर ने इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या विलम्ब होने की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।
जिला कलक्टर ने खुले या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल या कुओं से होने वाली घटनाओं की पुनरावृति रोकने की आवश्यकता को देखते हुए उपयुक्त एहतियाती और सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश जारी किए हैं।
भूमि/परिसर के स्वामी को बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण शुरू करने से पहले कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देनी होगी। जिले की सभी ड्रिलिंग एजेंसियों सरकारी/अर्धसरकारी, निजी आदि को अनिवार्य रूप से DoIT, GOR द्वारा विकसित RAJDHARAA पोर्टल पर ड्रिलिंग रिग का पंजीकरण कराना होना। उन्हें अपने द्वारा ड्रिल किए गए सभी बोरवेल/ट्यूबवेल का विवरण (डेटाबेस) रखना होगा और पोर्टल पर इनकी जानकारी (जीपीएस आधारित लोकेशन सहित) दर्ज करनी होगी।

# कांग्रेसी नेता एक साल से कर रहे है भ्रम और झूठ फैलाने की राजनीतिः डॉ अरूण चतुर्वेदी

चमकता राजस्थान




जयपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सेवानिवृत्त अधिकारी की समिति की रिपोर्ट आने से पूर्व ही केवल राजनीतिक दृष्टि से वोटों की फसल काटने के लिए आनन-फानन में 17 नए जिलों की घोषणा की थी। इतना ही नहीं, गहलोत ने जिस दूदू को 3 माह पूर्व नगर पालिका बनाने की घोषणा की , उसे सिर्फ अपने चहेतों को खुश करने के लिए 3 माह के बाद जिला बना दिया।
भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 5 साल तक सत्ता के संघर्ष में लगे रहे। अपनी सरकार बचाने के लिए होटलों के चक्कर लगाते रहे और चुनावी साल में आने वाली सरकार के लिए चुनौतियां खड़ी करने के लिए बिना किसी प्लानिंग के जिलों की घोषणा कर दी। कांग्रेसी नेता पिछले एक साल से जनता के बीच भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे है। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार एक के बाद एक संकल्प पत्र के वादों को पुरा करने में जुटी हुई है।
भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि ईआरसीपी को अमलीजामा पहनाने का मामला हो, यमुना जल समझौते को मूर्त रूप प्रदान करने का मामला, पेपरलीक माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर आरपीएससी सदस्यों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का मामला हो, संगठित अपराध पर नकेल कंसने का मामला हो, ऊर्जा का क्षेत्र हो या फिर सरकार के पहले ही साल राइजिंग राजस्थान समिट करने का मामला हो भाजपा सरकार चरणबद्ध तरीके से कार्य पुरा कर रही है। इसके बावजूद कांग्रेसी नेता झूठ और भ्रम फैलाकर राजनीति कर रहे है।

- **मुख्यमंत्री शर्मा के नए जिलों को लेकर किए गए निर्णय से आमजन खुश, सीएम का जताया आभारः पुष्पेंद्र सिंह राणावत**

भाजपा विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वित्तीय संसाधनों के अभाव में आनन फानन में वोट बटौरने के लिए नए जिले बनाए। जबकि राजस्थान में आजादी के बाद 2023 तक 26 से महज 7 नए जिले बनाए गए। गहलोत ने चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए 17 नए जिले बना दिए, यह तर्क संगत नहीं था।
भाजपा विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कैबिनेट द्वारा नए जिलों को लेकर किए गए निर्णय से आमजन खुश है। आज दूदू के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर आभार जताया और जयपुर में शामिल करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह भीनमाल के लोगों ने भी खुशी व्यक्त की। सरकार ने जिलों की प्रशासनिक, आर्थिक और भौगोलिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए 9 जिलों को रद्द करने तथा 3 संभाग को निरस्त करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राजस्थान 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह को कांग्रेस सेवादल नवलगढ़ ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**चमकता राजस्थान। नवलगढ़ लोकेश कुमार सैनी।** कांग्रेस सेवादल नवलगढ़ द्वारा पूर्व प्रधान मंत्री डॉ मनमोहन सिंह को गांधी पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव मोइनुदीन खान ने डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री को दुनिया का महान अर्थशास्त्री बताया। जिन्होंने पूरी दुनिया में मंदी के दौर का भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर नही पड़ने दिया। देश के ऐसे महान व्यक्तित्व के निधन पर केंद्र सरकार द्वारा उनका अन्य पूर्व प्रधान मंत्रियों जैसे राजघाट पर अंतिम संस्कार नहीं करने देने की ओछी हरकत कर उनका अपमान किया जाने की निंदा की है । साथ ही कांग्रेस पार्टी व डॉ मनमोहन सिंह की धर्म पत्नी की भावना के अनुरूप उनका स्मारक राजघाट पर बनाने की मांग की है

कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ प्रशिक्षक एडवोकेट आनंदीलाल सैनी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। कहा की उनके अंतिम संस्कार में केंद्र सरकार द्वारा ओछी हरकत की निंदा की है, कांग्रेस सेवादल नवलगढ़ के ब्लाक अध्यक्ष बाबूलाल टाईगर, पूर्व जिला संगठक मो . अयूब बिल्लू, जिला सचिव सोहन लाल सैनी, सादिक खत्री, संजय चोटिया, इकबाल बहलिम, ओमप्रकाश भुक्कल, लियाकत मॉयल, विजय वाल्मिक अब्बास चौहान समूवाला, भगवाना राम सैनी,ताहिर खत्री, सहित उपस्थित सभी साथियों ने डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव महेंद्र सिंह गुर्जर व नसीराबाद पुर्व विधायक

- **जिले हटाना दुर्भाग्यपूर्ण:- प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव महेंद्र सिंह गुर्जर**



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर। नसीराबाद।** अजमेर लोकसभा क्षेत्र के 2 जिलों (केकड़ी, दूदू) का हटना दुर्भाग्यपूर्ण है। डबल इंजन सरकार में इतने मंत्रियों का लोकसभा क्षेत्र से होने के बावजूद उनकी कमजोर पैरोकारी के कारण जिला हटना दुःखद है। सरकार का यह फ़ैसला जनता की उम्मीदों और विश्वास के साथ कुठाराघात है।

जिलों के अस्तित्व में होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलती, आमजन के लिए प्रशासनिक सुगमता, कानून व्यवस्था की बेहतरीन मॉनिटरिंग एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होते।

प्रदेश सरकार के इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में गहरा रोष व्याप्त है यह निर्णय भाजपा सरकार की असंवेदनशील और जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। राज्य सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### भरतपुर सांसद संजना जाटव ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** खेरली स्थित सांसद कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर उन्हें याद किया गया। भरतपुर सांसद संजना जाटव ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को मनरेगा, भारत अमेरिका परमाणु समझौता, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, आधार कार्ड, भूमि अधिग्रहण व वन अधिकार कानून आदि कई महत्वपूर्ण कानून जो देश के करीब वर्ग के लिए मिल का पत्थर साबित हुए, एवं विश्व की डूबती अर्थव्यवस्था के बीच देश की आर्थिक नीति को मजबूती प्रदान करने के लिए सराहना की और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने देश की बागडोर प्रधानमंत्री के रूप में संभाली, तब देश विकट परिस्थितियों से गुजर रहा था लेकिन उन्होंने अपनी संजीदगी और काबिलियत पर परिणाम देते हुए देश को आर्थिक संकट से निकाला।इस शोक सभा में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका, जिला महासचिव हीरालाल सैनी, जिला सचिव कैलाश मीणा, संजय गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष खेरली हरकिशन मीना, ब्लॉक अध्यक्ष कठूमर राजवीर चौधरी, पीसीसी सदस्य जयप्रकाश दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि गिरीश जौहरी,व प्रमोद बंसल, कमल सरपंच, हरभजन ठेकेदार, सरपंच अनोखी मीणा, दिनेश गोयल, मानसिंह मीणा, बृजमोहन चौधरी, भारती गुर्जर, गजराज ठेकेदार, मदन रावत, गोपाल अग्रवाल, भोलू जाट, राकेश शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी एवं पंचायत समिति कार्यकर्तागण सरपंच उपस्थित हुए,

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कोक्लियर इम्प्लांट के लाभों पर की चर्चा



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में अनुभूति चैरिटेबल ट्रस्ट फाउंडेशन और द कोक्लियर इंप्लांट ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा श्रवण बाधित लोगों के सशक्तिकरण हेतु आयोजित 'सुनहरे स्वर' कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे चिकित्सकों को सम्मानित किया और कोक्लियर इम्प्लांट के लाभों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एसएमएस अस्पताल के प्रिन्सिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी,डॉ. एस.एस. अग्रवाल,डॉ. विमल सोनी,पूर्व महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल,डॉ. मनीष ग्रोवर,डॉ. गिरधर गोयल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अजमेर में 6वीं इंटर मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज

चमकता राजस्थान

जयपुर। मीडिया क्लब अजमेर द्वारा आयोजित 6वीं इंटर मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 का रविवार, 29 दिसंबर 2024 को भव्य उद्घाटन किया गया। यह टूर्नामेंट मीडिया कर्मियों के बीच खेल प्रतिभा और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले सोफिया कॉलेज और जीसीए कॉलेज के खेल मैदानों पर खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 जनवरी 2025 को होगा। उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक भानु प्रताप गुर्जर, सोफिया कॉलेज की प्राचार्य सिस्टर पर्ल, और रणजी महिला टीम की दो बार की



कप्तान प्रियंका शर्मा ने शिरकत की। समारोह के दौरान अतिथियों ने मीडिया क्लब अजमेर के प्रयासों की सराहना की और इस आयोजन को मीडिया समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाना और प्रियंका शर्मा ने पिच पर जाकर क्रिकेट का आनंद लिया और प्रतीकात्मक गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

उद्घाटन मैच जर्नलिस्ट रॉयल्स और पत्रकार पैंथर के बीच खेला गया। पत्रकार पैंथर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 138 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में जर्नलिस्ट रॉयल्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 10.3 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। जर्नलिस्ट रॉयल्स ने 9 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम किया। मैच में अशोक भाटी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। उनके उत्कृष्ट खेल के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

दूसरा मुकाबला दबंग पत्रकार और किंग्स इलेवन मीडिया के बीच हुआ। इस मैच में दबंग पत्रकार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच में संदीप धाभाई ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

मीडिया क्लब अजमेर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करना है, बल्कि मीडिया कर्मियों के बीच सहयोग और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देना है। चार टीमों – जर्नलिस्ट रॉयल्स, दबंग पत्रकार, पत्रकार पैंथर और किंग्स इलेवन मीडिया – के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट रोमांचक हो गया है।

प्रतियोगिता के संयोजक शुभम जैन ने बताया कि मैच हर सप्ताहांत आयोजित किए जाएंगे और दर्शकों को शानदार क्रिकेट का अनुभव मिलेगा। फाइनल मैच गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेला जाएगा, जिससे यह आयोजन और भी खास बन जाएगा।

इस प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों और मीडिया कर्मियों में जबरदस्त उत्साह है। उद्घाटन मैच में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने आशा जताई है कि इस प्रकार के आयोजनों से मीडिया कर्मियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित होगी।

मीडिया क्लब अजमेर का यह प्रयास न केवल पत्रकारों के लिए खेल मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें एक-दूसरे के साथ संवाद और संपर्क का अवसर भी दे रहा है।

# बीएसएफ के 108 वी वाहिनी के कमांडेंट अनु टी पी और असिसटेंट कमांडेंट डॉ.मनोज कुमावत का फुलेरा प्रवास के दौरान भव्य स्वागत

**राजनेता, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने स्पेशल ट्रेन पर जवानों का किया अभिनंदन**

चमकता राजस्थान

**फुलेरा(दामोदर कुमावत)** । सीमा सुरक्षा बल की 108 वीं बटालियन जैसलमेर में फुलेरा निवासी सीताराम कुमावत के पुत्र डॉ मनोज कुमावत सहायक कमांडेंट मेडिकल ऑफिसर के पद पर सेवारत हैं,जो रविवार को बीएसएफ की स्पेशल रेल से 108 वीं बटालियन जैसलमेर से त्रिपुरा जाते समय फुलेरा रेलवे स्टेशन पर एसीएमओ डॉ मनोज कुमावत के परिवारजन, राजनेता, व्यापारियों व सामाजिक संगठनों द्वारा ट्रेन से पहुंची बटालियन के कमांडेंट अनु टीपी एवं एसीएमओ डॉ मनोज



कुमावत तथा अधिकारियों का पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, भाजपा अध्यक्ष प्रणव कयाल पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा तथा डॉ मनोज कुमावत की दादीजी श्रीमतीभंवरी देवी, माताश्रीमती विमला,पिता सीताराम कुमावत, भैया डॉ सुनील,भाभी डॉ हिना, सोहन लाल, बाबू लाल कुमावत, पार्षद सरदार सिंह,भूपेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, श्रवन लाल कुमावत, अनिल शर्मा सहित गणमान्य लोगों ने बीएसएफ कमांडेंट अनु टीपी एवं डॉ मनोज कुमावत का साफा एवं मोतियों की माला पहना कर गाजे-बाजे ढोल से भारत माता के जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। जबकि एसीएमओ डॉ मनोज की बहन रेखा कुमावत ने भैया के तिलक लगा कर,रक्षा सूत्र बांधकर मीठा मुंह करवा कर शुभ कामनाएं दी। इस मौके पर बी एस एफ की 108 वीं बटालियन को जलपान करवाया गया। इस पर समस्त बीएसएफ जवानों ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह, संजय पारीक, स्वरूप चंद कुमावत, हेमंत कुमावत, कार्तिक कुमावत, सुनील भारद्वाज, सुरेश कुमावत सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी में सुनि मन की बात



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर स्थित कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 117वां संस्करण सुना।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा कर देशवासियों को प्रेरित किया।

### ऐतिहासिक कौशल बाल प्रतियोगिता में 700 बच्चों ने लिया भाग



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/धौलपुर (खानपुर मीना)।** आज टीम 'हर घर शिक्षा' द्वारा रतन टाटा जी की जयंती के शुभ अवसर पर वार्षिक कौशल बाल प्रतियोगिता का आयोजन तालाबशाही झील के निकट किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 700 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रतन टाटा जी के जीवन पर आधारित 5 प्रश्न भी शामिल थे।कार्यक्रम के संस्थापक अध्यक्ष रोहित मीणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण बच्चों की शैक्षिक उन्नति और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आयोजित की गई। उनका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए मंच प्रदान करना है, जो उनके उज्जवल भविष्य की नींव रख सके। बच्चों के उत्साह को बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि बाड़ी के पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा और शिक्षाविद् बच्चू सिंह मीणा ने प्रेरणादायक भाषण दिए। डॉ. पी. सी. पाठक ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, ₹स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।₹ प्रतियोगिता का परिणाम जनवरी के अंत तक घोषित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को एजुकेशनल किट और धौलपुर भ्रमण का अवसर मिलेगा। द्वितीय स्थान पर आने वालों को डिक्शनरी, जबकि तृतीय स्थान पर आने वालों को डायरी और पेन प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए फरवरी में विशाल जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद बच्चों और अभिभावकों को तालाबशाही झील और खानपुर महल का भ्रमण कराया गया। यह अनुभव सभी के लिए प्रेरणादायक और रोमांचित करने वाला रहा। कार्यक्रम का समापन अल्पाहार वितरण और टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में भैरों सिंह मीणा रिटायर्ड अध्यापक, रामू चौधरी समाजसेवी, केंद्र अधीक्षक सियाराम मीणा, भूरी सिंह मीणा, महेंद्र कुमार मीणा, गीता मीणा, सुरेश मीणा, गौरी मीणा, समाजसेविका रोशनी शिवहरे, वंदना शिवहरे और टीम हर घर शिक्षा के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खान सूरजापुर के मुख्य रास्ते पर गंदगी का ढेर, जनप्रतिनिधि और प्रशासन मौन

चमकता राजस्थान

**भरतपुर/रुपवास।** कस्बे के ग्राम पंचायत ख़ान सूरजापुर के मुख्य रास्ते पर गंदगी जमा होने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। लोकेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि मुख्य रास्ते पर जमा गंदगी का ढेर नरक बना हुआ है, जो सर्वे समाज से होकर गुजरता है। पैदल चलने वाले राहगीर किचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बांध पर भी गंदगी जमा हो गई है, जिससे वाहन चालक रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं और पैदल गुजरने वालों



को बड़ी परेशानी होती है। छोटे-बड़े छात्र- छात्राओं को भी स्कूल जाते समय काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इअरत्रृ टीम के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार राज ने बताया कि नौहरे थौक बांध पर कुछ महीनों से गंदा पानी जमा होने के कारण आम रास्ता गंदगी का ढेर बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही आम जन की सुविधाओं को लेकर गंभीर दिखती हो, लेकिन ग्राम पंचायत ख़ान सूरजापुर में प्रशासन इस समस्या के समाधान में पूरी तरह उदासीन है। स्वच्छ भारत अभियान को लेकर सरकार चाहे करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो, लेकिन खान सूरजापुर में गंदगी का ढेर बना हुआ है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में विकास के नाम पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने उपखंड प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द निरीक्षण कर बांध पर जमा गंदगी हटाई जाए ताकि राहगीरों को परेशानियों का सामना न करना पड़े और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कत न हो।

# गहलोत ने रामलुभाया समिति को भी अंधेरे में रखकर विधायकों को बांटी नए जिलों की रेवडियां: मदन राठौड़

- **भाजपा सरकार ने ललित के पंवार समिति, मंत्री मंडल समिति और कैबिनेट बैठक में नए जिलों को लेकर की समीक्षा: मदन राठौड़**

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत अपनी अल्पमत सरकार को सहयोग करने वाले विधायकों को खुश करने के लिए आनन-फानन में नए जिलों की घोषणा कर दी थी, इतना ही नहीं, गहलोत ने पूर्व सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रामलुभाया की अध्यक्षता में समिति तो गठित की लेकिन नए जिलों की घोषणा के बाद स्वयं रामलुभाया ने आश्चर्य




व्यक्त किया था। इसका मतलब साफ है कि गहलोत ने समिति को भी अंधेरे में रखकर विधायकों को खुश करने के लिए जिलों की रेवडियां बांटी थी ताकि उनकी अस्थिर सरकार को सहारा मिल सकें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी जिलों की समीक्षा करने के बाद भूपपूर्व प्रशासनिक अधिकारी ललित के पंवार की अध्यक्षता में समिति का गठन किया, मंत्री मंडल की समिति बनाई और इनकी रिपोर्ट के बाद कैबिनेट बैठक में 9 जिलें एवं 3 संभाग समाप्त करने का प्रस्ताव किया है। समिति के साथ भाजपा सरकार ने राजस्थान की भौगोलिक, सांस्कृतिक और जनसंख्या के आधार पर जनता की मांग को देखते हुए 41 जिले और सात संभाग रखने का फैसला किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार ने नए जिले तो घोषित कर दिए लेकिन उन जिलों को चलाने के लिए ना तो आर्थिक प्रबंधन किया और ना ही उनके कार्यालय संसाधन आदि की व्यवस्था की। गहलोत तो 5 साल तक सरकार बचाने में जुटे रहे। उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच शीत युद्ध जनता के सामने है। गहलोत और पायलट दोनों अपने खेमों के विधायकों को लेकर होटलों में कैम्प चलाते रहे। ऐसे में गहलोत विधायकों को संतुष्ट करने में जुटे रहे और गहलोत सरकार ने बिना गहन चिंतन किये चुनावी आचार संहिता लगने से एक दिन पूर्व अचानक नए जिलों की घोषणा कर दी। गहलोत ने ऐसे भी नए जिले बना दिए जिसकी कभी किसी ने कोई मांग तक नहीं की।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेशी महिला फरजाना उर्फ अनामिका को निष्कासन हेतु डिटेशन सेन्टर अलवर में दाखिला करवाया गया



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** अमित कुमार आई.पी.एस. पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ने बताया कि पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर पश्चिम पर दर्ज अभियोग संख्या 156/2023 धारा 376(2)(ठ),376(3), 376 डी आईपीसी व 3,4,5 (ऋ)(छ) / 6 पोक्सो एक्ट 2012 मे आरोपिया फरजाना उर्फ अनामिका पत्नि फिरोज उर्फ फैदोस जाति- मुंशी बंगाली मुस्लिम, उम्र- 33 वर्ष निवासी - चारमन बाड़ी, गोला छीपा, पुलिस थाना फौतुला, जिला नारायणगंज, बांग्लादेश को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया था। उक्त महिला बांग्लादेशी नागरिक है, जिसको जेल से रिहा होने पर गृह विभाग के आदेशानुसार बांग्लादेशी महिला फरजाना उर्फ अनामिका की निष्कासन की कार्यवाही करते हुये बांग्लादेश भिजवाने हेतु डिटेशन सेन्टर कैम्पस केन्द्रीय कारागृह अलवर, राज. में दाखिल करवाया गया है।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर हुवा सम्पन्न

- 859 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई दी गई




**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी/चौमहला /झालावाड़ ।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमहला परशनिवार को मुख्यमंत्रीआयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ राजकुमार वाघेला ने बताया कि अस्पताल परिसर में आयोजित शिविर में 859 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवाई देकर परामर्श दिया गया।

शिविर में दन्त रोग,नेत्र रोग,आयुर्वेद एंव होम्योपैथिक विशेषज्ञ द्वारा मरीजो की जांच की साथ ही एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत बीपी, शुगर ,हाइपरटेंशन एवं ओरल कैंसर की जांच की व साथ ही ई केवाईसी कर आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी भी बनाई गई , गर्भवती महिलाओं की ए एन सी जांच टीकाकरण एवं मां वाउचर योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के निशुल्क सोनोग्राफी के लिए वाउचर का वितरण किए गए, टीवी रोगियों को निश्चय किट वितरित किए गए शिविर में डॉ राजकुमार वाघेला,डॉ दिलीप मीणा,डॉ आदित्य पारकर, डॉ रामबाबू राठौर,डॉ प्रभाकर वैष्णव,डॉ हंसराज गुर्जर,डॉ प्रेमलता लोहार,बीपीएम धीरज जैन,रघुवीरशर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑ×फसर,रवि कुमार अग्रवाल, नर्सिंग ऑफिसर प्रहलाद प्रजापति,जगदीश प्रसाद मेहर,नेत्र सहायक गोविंद राठौर दंत सहायक राधेश्याम मेघवाल, पीएचएस सुमन यादव,समस्त एएनएम,समस्त डीईओ, समस्त एलटी,समस्त एलए,समस्त एआरजी एंव समस्त आशा व समस्त मेडिकल स्टॉप उपस्थित रहे ।

## बाड़मेर जिले में थाना कोतवाली व डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

# व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक 32 लाख रूपये की लूट की वारदात का खुलासा

### 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज व एक हजार किलोमीटर के रूट पर जानकारी प्राप्त कर किया घटना का खुलासा

चमकता राजस्थान

**जयपुर/बाड़मेर !(खलील कुरैशी)** 29 दिसम्बर। थाना कोतवाली इलाके में महावीर चौक के पास 20 दिसंबर की रात बाइक सवार व्यापारी भाइयों को रोक लाठी व लोहे की स्टिक से मारपीट कर जानलेवा हमला करने और आंखों में मिर्ची झोंक कर 32 लाख रुपए से भरा बैग लूट कर ले जाने के मामले का थाना कोतवाली व डीएसटी की टीम ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है, जिनके नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए है।20 दिसम्बर की रात 9.30 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र में माणक अस्पताल के पास मोटर साईकल पर व्यापारी के साथ लूट होने की सूचना पर एसपी नरेन्द्र सिंह मीना एवं अन्य आला अधिकारी सहित डीएसटी, डीसीआरबी टीम तुरन्त



**5 आरोपी बापर्दा गिरफ्तार, वारदात मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त**

मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर जानकारी लेने पर सामने आया कि व्यापारी संजय कुमार जैन व अशोक कुमार जैन रोजाना की तरह महावीर चौक से माणक अस्पताल की तरफ बाइक से अपने घर जा रहे थे।माणक अस्पताल के पास पीछे से आई एक सफेद रंग की कार मे सवार 3-4 अज्ञात नकाबपोश बदमाशो द्वारा व्यापारियों की बाइक के आगे कार लगा कर रूकवा दोनो पर जानलेवा हमला किया और आंखो मे मिर्ची पाउडर डालकर 32 लाख रूपयो से भरा बैग लूट कर भाग गये। व्यापारी संजय कुमार जैन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए एएसपी जस्सा राम बोस के निर्देशन व सीओ रमेश कुमार केसुपरविजन एवं थाना कोतवाली स एसएचओ लेखराज सियाग, एसआई लिच्छा राम, सलीम मोहम्मद व मांगी लाल, डीएसटी से एएसआई अमीन खां, मेहा राम एवं डीसीआरबी से एएसआई महिपाल सिंह के नेतृत्व में अलग अलग टीमों का गठन कर टास्क दिया गयापुलिस टीम व डीएसटी द्वारा घटना स्थल के आस पास व बाड़मेर शहर में लगभग 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर वारदात मे प्रयुक्त कार व अज्ञात मुलजिमों के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गई। सीसीटीवी कैमरो की फुटेज के आधार पर एवं आसूचना व तकनीकी सहायता से संदिग्धों से पूछताछ की गयी। इस दौरान टीम ने बाडमेर शहर, इन्द्रानगर, इन्द्रा कॉलोनी, रोहिड़ा पाड़ा, भादरे, झणकली, बालोतरा, कल्याणपुर, लूणी जोधपुर एवं अन्य सम्भावित स्थानों पर करीब 1000 किलोमीटर तक अज्ञात मुलजिमों की जानकारी हासिल की। सीसीटीवी फुटेज व अनुसंधान से घटना मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार का पता लगा उसके मालिक को दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ की गई। वाहन मालिक ने गहन पूछताछ करने पर बताया कि योजना बनाकर अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात करना बताया। इस पर पुलिस टीमों द्वारा अन्य आरोपियो की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। लगातार पीछा कर वारदात मे शामिल अन्य 4 आरापियो को भी दस्तयाब किया गया। वारदात करना स्वीकार करने पर सभी आरोपियो को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। जिनकी शिनाख्तगी के बाद नाम उजागर किए जाएंगे। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस लूट की रकम की बरामदगी के लिए पूछताछ कर रही है।

## करौली जिले में मासलपुर थाना पुलिस की कार्रवाई

# पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर/करौली( खलील कुरैशी) 29 दिसंबर। जिले के मासलपुर थाना क्षेत्र के बरवाना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर 14 दिसंबर को लाठी डंडों और पत्थरों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने वाछित आरोपी राजेन्द सिंह उर्फ काडू गुर्जर पुत्र भैरो सिह (29), संतोकी गुर्जर पुत्र चन्दन सिंह (65) एवं रामवीर गुर्जर पुत्र संतोकी (37) निवासी बरवाना थाना मासलपुर को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि आरोपी राजेन्द सिंह उर्फ काडू गुर्जर को 26 दिसम्बर को फक्कड मोड सकरघटा से एवं आरोपी संतोकी गुर्जर व उसके बेटे रामवीर गुर्जर को शनिवार को नीमरीपुरा स्कूल के पास से दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद गिरफतार किया गया है।एसपी उपाध्याय ने बताया कि 16 दिसंबर को बरवाना निवासी जनक सिंह गुर्जर द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि 14 दिसम्बर की शाम 6.30 बजे आरोपी संतोकी और उसके बेटे रामवीर व राधेश्याम




आदि एक राय होकर हाथो में लाठी-डण्डा व पत्थर लेकर पुरानी रंजिश को लेकर उनके परिवार के हरमन गुर्जर के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। यह देखकर उसके पिता रतिराम ने बीच बचाव किया तो रामवीर ने जान से मारने की नियत से उनके सिर पर पत्थर मार दिया।उसके बाद राधेश्याम ने लाठी व अन्य सभी व्यक्तियो ने गाली गलौच करते हुए लात-घूंसो से मारपीट की। मारपीट की वजह से बेहोश होकर गिर जाने पर सभी आरोपी वहां से भाग गए। हमने अपने पिता को हिण्डौन अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उन्हें जयपुर रैफर किया गया, अभी जयपुर के जेएनयू अस्पताल में भर्ती उसके पिता को होश नही आया, वे मरण अवस्था में है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की गईएसपी उपाध्याय ने बताया कि इलाज के दौरान सिर में पत्थर लगने के बाद लगातार बेहोशी की हालत में ईलाज रत रति राम की इलाज के दौरान शुक्रवार 27 दिसंबर को मौत हो गयी। इस पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। एसएचओ नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मामले में तीन आरोपियों राजेंद्र सिंह उर्फ काडू, संतोंकी और उसके बेटे रामवीर गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### कंजर समुदाय महापंचायत में दिया गया अपराध छोड़ मुख्य धारा में वापसी पर बल

- बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे समाजः ग्यारसी लाल



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी। चौमहला /झालावाड़।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के टोंकड़ा गांव में रविवार को कंजर महापंचायत संस्थान द्वारा क्षेत्र के 8 कंजर ढेरों के पंच पटेलों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई बैठक में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चाएं की गई तथा समाज को अपराधों का त्याग कर समाज की मुख्य धारा में वापस आने का आवाहन किया गया।

इस दौरान कंजर समुदाय में निवास कर रहे समुदाय की पीड़ा भी झलकी ग्रामीणों ने बताया कि कई कंजर ढेरों में सरकारी विद्यालय, आंगनवाड़ी, पेय जल सड़क, जैसी मूलभूत सुविधाओं से अर्से से वंचित है। समाज पर चोरी एवं कच्ची शराब बनाने के आरोप लगते है परन्तु कंजर समुदाय से ज्यादा चोरिया तो अन्य समाज कर रहे है । इस दौरान गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने कंजर समुदाय से अपील कि की कंजर समुदाय अपराध को छोड़ कर वापस मुख्यधारा में वापस आए।

इस दौरान कंजर समुदाय ने अपनी कुरीतियों को समाप्त की शपथ ली।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कालूलाल पटेल कंजर समाज महापंचायत संस्थान राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ग्यारसी लाल गोगावत, संरक्षक एडवोकेट भोलूराम झंझावत, प्रदेश महासचिव रामहेत केसिया, कानूनी सलाहकार एडवोकेट प्रकाशचंद कर्मावत, राजेश दासावत, कोषाध्यक्ष मंजेश कर्मावत, सवाईमाधुपुर जिलाध्यक्ष हेमराज तिलोर, भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष भागचंद झंझावत, भीलवाड़ा जिला सचिव एडवोकेट रविंद्र नानावत मौजूद रहे।

## विकास कार्यों से क्षेत्र में आया बदलाव, जनता का विश्वास हो रहा कायम

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के विधायकों के साथ बैठक

## समाज के हर वर्ग का कल्याण ही हमारा एकमात्र लक्ष्य : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर! 29 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन से सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए आधारभूत विकासकेसाथहीप्रदेशमेंजनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लक्ष्य समाज के अन्तिम व्यक्ति को राहत पहुंचाते हुए उत्थान और कल्याण सुनिश्चित करना है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के विधायकों के साथ बजट वर्ष 2024-25 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन







को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। इसके लिए जिला प्रशासन के साथ निरन्तर बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति का फीडबैक भी लेवें। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।मुख्यमंत्री ने जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के विधायकों से बजट घोषणाओं के विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति, जमीन आवंटन और प्रगतिरत कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विधायकों से कहा कि आमजन के कल्याण एवं क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप जनहित के विकास कार्यों की सूची बनाकर भेजें ताकि इन्हें आगामी बजट में शामिल किया जा सके।

### ● मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों का करें प्रभावी संचालन

मुख्यमंत्री ने विधायकगणों को मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों के संचालन, अटल ज्ञान केन्द्रों की स्थापना और खेलो इंडिया अभियान की तैयारी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकार के कार्यों, योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। शर्मा ने कहा कि विधायकों के कार्यों से ही क्षेत्र में बदलाव आता है और जनता का विश्वास कायम होता है। उन्होंने विधायकों के सुझावों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की क्रियान्विति के लिए उठाएं आवश्यक कदम

शर्मा ने विधायकों से कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू को अपने क्षेत्र में धरातल पर उतारने के लिए जिला कलक्टर के साथ निरन्तर बैठक करें। साथ ही, प्रत्येक जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला-एक उपज, एक जिला-एक प्रजाति, एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक पर्यटन स्थल और एक जिला-एक खेल की नियमित मॉनिटरिंग कर इन्हें बढ़ावा देवें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी 10 नवीन नीतियों का भी प्रचार-प्रसार किया जाए। लखपति दीदी योजना के तहत लाभार्थियों से संवाद स्थापित कर निरन्तर कार्यक्रम की समीक्षा करें।इस अवसर पर जोधपुर व उदयपुर संभाग से आने वाले मंत्रिगण एवं विधायकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धौलपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित, कमजोर प्रगति वाले चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश



**चमकता राजस्थान। धौलपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की ब्लॉक वार समीक्षा की गई, जिसमें लक्ष्य प्राप्ति के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। कमजोर प्रगति वाले चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने की चेतावनी दी गई।जिला कलक्टर ने अस्पतालों में मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने और उनके विश्वास को कायम रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक प्रचार-प्रसार करने और चिकित्सकों से सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की।

बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं जैसे आशान्वित कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, 108 व 104 एम्बुलेंस सेवा, पीएमएसएमए पोर्टल पर रिपोर्टिंग, एनसीडी स्क्रीनिंग, और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, अतिरिक्त सीएमएचओ गौरव मीना, डीपीओ शशांक वशिष्ठ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### इच्छापूर्ति फाउंडेशन के रामू चौधरी बेजुबान जीवों की सेवा में रहते हैं अग्रणी



**चमकता राजस्थान धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** शहर में जब भी कोई धार्मिक कार्य, जन्मदिन या पुण्यतिथि का आयोजन होता है, और बेजुबान जीवों जैसे पशु-पक्षी, बंदर, गाय, श्वान या अन्य जानवरों को कुछ खिलाने का अवसर आता है, तो सबसे पहले रामू चौधरी का नाम सामने आता है। उनका यह सेवा कार्य हमेशा समाज में चर्चा का विषय बनता है। इसी क्रम में, आज नरेश शर्मा की स्व. माताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर बंदरों और गायों की सेवा का संकल्प लिया गया था, जिसे रामू चौधरी के माध्यम से पूरी किया गया। इस सेवा कार्य के तहत, सुबह शहर से 35 किलोमीटर दूर स्थित देव स्थान मचकुंड और लौंगश्री मंदिर पर बंदरों को केले, चना, बूंदी और डबल रोटी खिलाई गई। इसके बाद, निभी के ताल पर भी बंदरों को भोजन दिया गया। नरेश शर्मा ने बताया कि इच्छापूर्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष रामू चौधरी का यह कार्य बेहद सराहनीय है और बेजुबान जीवों के हित में लगातार किए जा रहे उनके प्रयासों को समाज में महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब कई वर्षों से यह कार्य निरंतर कर रहे हैं, और उनके योगदान की सभी ओर सराहना होती है। नरेश शर्मा ने इस सेवा कार्य के लिए रामू चौधरी को धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके प्रयासों को सम्मानित किया।

### जगत वॉरियर्स ने आकाश फैशन को 4 गोल से दी मात, तसीमों में बेबी फुटबॉल लीग के रोमांचक मुकाबले



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण /सैपऊ।** तसीमों में स्वर्गीय अमित परमार फुटबॉल बेबी लीग सीजन 2 का आयोजन शहीद स्टेडियम तसीमों में किया जा रहा है। आज के दिन कुल चार रोमांचक मैच खेले गए। पहले मुकाबले में एम वी एकेडमी और सोमेश फुटबॉल क्लब के बीच बराबरी का खेल रहा। वहीं, दूसरे मैच में जगत वॉरियर्स टीम ने आकाश फैशन को 4-0 से हराकर टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इस मैच में जगत वॉरियर्स की ओर से राहुल ने शानदार 3 गोल किए। तीसरे मुकाबले में मामा यूथ 11 ने अशोक लाइब्रेरी टीम को 2-0 से हराया। वहीं, चौथे और आखिरी मुकाबले में मां कैला देवी फुटबॉल क्लब और सोमेश फुटबॉल क्लब का मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। तसीमों के शहीद स्टेडियम में खेले जा रहे इन रोमांचक मुकाबलों ने फुटबॉल प्रेमियों को खासा आकर्षित किया। मैचों की कमेंट्री शहीद क्लब तसीमों के संरक्षक कुलदीप पटवारी द्वारा की गई।

# यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के तत्वावधान में राष्ट्रीय समारोह आयोजित

## मनोहरपुर निवासी दीपक मालाकार सहित 51 प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न से सम्मानित किया

चमकता राजस्थान





**जयपुर (खलील कुरैशी)** राष्ट्रीय सामाजिक संगठन-यूनिवर्सल 'ूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया व महिला अध्यक्ष डॉ. अरूणा शर्मा के नेतृत्व में समाज मे न्याय समर्पण की प्रतिमूर्ति अमर वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्मशती एवं अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस व यूनिवर्सल 'ूमन राइट्स काउंसिल के स्थापना दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न सम्मान राष्ट्रीय समारोह इन्दिरा गांधी पंचायत राज संस्थान सभागार, जयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक कालीचरण सर्राफ, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने की अध्यक्षता बी.एल.नवल आईएएस रिटा. व राष्ट्रीय अध्यक्ष-अखिल भारतीय रैगर महासभा रहे। विशिष्ट अतिथि सुमन शर्मा महिला आयोग पूर्व अध्यक्ष, न्यायमूर्ति धर्मराज, लक्ष्मण नूनीवाल चैयरमैन नगर निगम जयपुर, गीता देवी पूर्व पार्षद, एडवोकेट मनोज पिंगोलिया, राष्ट्रीय सचिव अंकित गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रियंका शर्मा, महावीर प्रसाद समाज सेवी, प्रदेशाध्यक्ष इन्द्र राज मीना, सरपंच रामलाल वर्मा रहे।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था की तरफ से अतिथियों का दुपट्टा, शोल,माला व श्रीराम प्रतिमा भेंट-कर सम्मान किया गया।इस राष्ट्रीय समारोह मे शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व विभिन्न खेलो में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मनोहरपुर निवासी युवा समाजसेवी दीपक मालाकार सहित 51 व्यक्तियों को संस्था की तरफ से राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न से नवाजा गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.धर्मेन्द्र वर्मा व डॉ.पूजा वर्मा ने बेहतरीन मंच संचालन किया।कार्यक्रम में संगठन उपाध्यक्ष श्रीराम मीणा, शिक्षाविद् गिरिराज गुप्ता, सलाहकार संदीप शर्मा, डॉ.पूरणमल बुनकर समाजसेवी, ओंकार कुलश्रेष्ठ, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, उषा चौधरी, महासचिव देवनारायण खोलिया, सुरजभान बुनकर, संयुक्त सचिव जितेंद्र पाराशर,जगमोहन बैरवा,डॉ.गोविंद भारती, बन्नी सिंह, रामलाल दबकिया, महेन्द्र वर्मा, मनोज दुब्बी, नीरू इणखीया, आरती परेवा समाज सेवी, एडवोकेट पूजा मेहरोली, सुनील कुमार, रंजीत आलोरिया,दाना राम, प्रेम प्रकाश, कालूराम मीणा, धर्मेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सामाजिक संगठन यूनिवर्सल 'ूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्यों का हार्दिक आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

# अखिलेश बोले, सीएम योगी के आवास पर है शिवलिंग, वहां भी हो खुदाई

**लखनऊ/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश में इन दिनों मंदिर खोजने और खुदाई का मामला काफी चर्चित है। संभल के बाद से कई जगहों पर नए मंदिर मिल रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास के नीचे भी शिवलिंग है और उसकी भी खुदाई होनी चाहिए।

सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है। यह हमारी जानकारी है। इसकी भी खुदाई होनी चाहिए। अखिलेश इससे पहले भी संभल में हो रही खुदाई को लेकर निशाना साध चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर ध्यान हटाने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है। जगह-जगह खुदाई हो रही है। उनके हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखा है। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ के लिए निमंत्रण नहीं दिए जाते हैं। कुंभ में लोग खुद आते हैं। हमने अपने धर्म में यही सीखा है। जो करोड़ों लोग आएंगे, क्या उन्हें निमंत्रण दिया जाता है? यह सरकार अलग है। दरअसल, शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया था।

उन्होंने कहा कि सरकार को कठघरे में खड़ा करने की हमारी जिम्मेदारी है। जब सपा सरकार में कुंभ हुआ था, उसकी स्टडी हॉवर्ड यूनिवर्सिटी ने की थी। महाकुंभ का अच्छे से आयोजन हो, इसके लिए सपा सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक बिजली, ब्रिज का काम अधूरा है। सरकार को कठघरे में खड़ा करने की हमारी जिम्मेदारी है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर अखिलेश यादव ने कहा कि आज भी जर्मनी में बैलेट पेपर से मतदान होता है, लेकिन भारत में ईवीएम का खेल जारी है। उन्होंने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे जर्मनी की सड×कें देखने के बाद बनाया गया था जो आज भी देश की सबसे अच्छी सड×क है। दुनिया कहां पहुंच गई है। हम लोग कहां उलझे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव लाएगी।

### छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव पर सर्व समाज के साथ संवाद बैठक का आयोजन आज

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** दलित अधिकार केंद्र भरतपुर जिला समन्वय लाला राम भड़ाना ने बताया कि आज दिनांक 30 दिसंबर 2024 को समय 12:00 बजे से होटल प्रताप वाटिका में संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए केंद्र द्वारा अपने 20 वर्षों के कार्य के दौरान यह महसूस किया है कि दलित गरीब वंचित एवं अनुसूचित जाति के लोगों के साथ आज भी बड़े पैमाने पर जातिगत छुआछूत एवं भेदभाव का शिकार होना पड़ता है जिससे समाज में प्रेम भाईचारा छीन भिन्न होने के साथ-साथ जातीय द्वंद भी बढ़ते हैं

केंद्र द्वारा समय-समय पर सर्व समाजों के साथ संवाद एवं चर्चा बैठकों के माध्यम से मानवीय मूल्यों एवं समता स्वतंत्रता और भाईचारा स्थापित कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जा सकेंगे

इस संवाद बैठक में केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत भीमराव एडवोकेट निदेशक सतीश कुमार एडवोकेट एवं उपनिदेशक चंदा लाल एडवोकेट मुख्य रूप से भाग लेकर सर्व समाज की चर्चा बैठक के माध्यम से प्रेम भाईचारा बनाने आदि पर विस्तारित चर्चा करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी निःशुल्क इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर हुई में सम्मिलित




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा की जे.एस. कॉलोनी विकास समिति एवं सेठिया एजुकेशन एंड रिसर्च सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित 116वें निःशुल्क इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर में सम्मिलित हुई।

शिविर में क्षेत्रवासियों को इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से निःशुल्क इलाज और दवाई उपलब्ध कराया जा रही हैं । समाज हित में इस प्रकार के आयोजनों से आमजन को सुविधा मिलती हैं ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी, इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद अध्यक्ष डॉ. हेमंत सेठिया, जे.एस. कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष भागीरथ सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, वार्ड अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अरविंद केजरीवाल ने रोहिंग्या घुसपैठियों को बनाया वोटर : मनजिंदर सिंह सिरसा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर रोहिंग्या और बंगलादेशी घुसपैठियों को शय देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि ये सब कुछ केजरीवाल सियासी फायदे के लिए कर रहे हैं।

सिरसा ने वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली के पूर्व सीएम पर कई आरोप लगाए। कहा, अरविंद केजरीवाल आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह सवाल उठा रहे हैं कि क्यों बंगलादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की वोट काटे जा रहे हैं। हम डंके की चोट पर कहते हैं कि आपने दिल्ली में रोहिंग्या और बंगलादेशी घुसपैठियों से अपना वोट बनाया है। हर विधानसभा में इनके पास आठ-दस हजार वोट हैं, और एक हिंदू परिवार के घर में दो या पांच लोग रहते हैं, लेकिन उनके नाम पर पचास-पचास वोट बन रखे हैं।

उन्होने आगे कहा, हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि हम किसी भी घुसपैठिए का वोट दिल्ली में नहीं डालने देंगे। आपकी जीत का कारण यही था कि आपने इन घुसपैठियों को दिल्ली में बसाया, उन्हें पैसे, राशन और मुफ्त पानी दिया। दिल्ली के लोग इसकी सजा भुगत रहे हैं और अब जब इसे लेकर सवाल उठ रहा है, तो आपको तकलीफ हो रही है। हम साफ तौर पर कहते हैं कि इन घुसपैठियों की वोट बिल्कुल कटवाएंगे और दिल्ली में इनका कोई वोट नहीं रहने देंगे।

रविवार को अरविंद केजरीवाल की प्रेस वार्ता के बाद सिरसा ने अपनी बात रखी।

बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा पर आरोप लगाया कि पार्टी ने नई दिल्ली विधानसभा में पिछले 15 दिनों में लगभग 5 हजार वोटों को काटने की एप्लीकेशन दी है। इसके अलावा साढ़े सात हजार वोट जोडऩे की भी एप्लीकेशन दी गई है। इन्होंने हमारी विधानसभा जिसमें कुल 1 लाख 6 हजार वोट हैं- से 5 फीसदी वोट डिलीट करवाने का आवेदन दिया है। साथ ही 7.5 फीसदी वोट ये लोग ऐड भी करवा रहे हैं। इसके बाद फिर चुनाव कराने की जरूरत बची ही क्या है? अगर 12 फीसदी से ज्यादा वोट इधर के उधर कर दिए जाएंगे तो फिर चुनाव बचा ही कहां? इस देश में चुनाव के नाम पर खेल हो रहा है।

# ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के अभिकर्ताओं एवं सदस्यों की बैठक आयोजित, कार्यकारिणी का गठन

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी।** आज महाराणा प्रताप स्टेडियम के खेल मैदान में ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के अभिकर्ताओं एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राकेश चंद्र बघेल ने की। इस बैठक में बाड़ी, बसेड़ी और सरमथुरा के ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के अभिकर्ताओं और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बाड़ी- बसेड़ी क्षेत्र की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जो निम्नलिखित पदों पर नियुक्त की गईः

अध्यक्षः लाखन सिंह,
उपाध्यक्षः लबकुश,
महासचिवः सिरमोहर सिंह मंडेला,
सचिवः जमुनादास तरुण,
कोषाध्यक्षः रकिश कुमार,
सदस्यः चरण सिंह, बृजेंद्र सिंह, रमेशचंद
संरक्षकः मंगलागिरी, सुन्दरसिंह, मनीष, विजेन्द्रसिंह,

इस बैठक में उपस्थित सभी अभिकर्ताओं और सदस्यों ने ठगी के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। ठगी पीड़ितों ने बताया कि कई महीनों से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिसके कारण उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र न्याय की उम्मीद जताई और चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे और अधिक संगठित होकर विरोध करेंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि अब से ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए एक आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी ठगी पीड़ित एकजुट होकर प्रशासन को मजबूर करेंगे, कि वह उनकी समस्याओं का समाधान करे। इसके अलावा, ठगी पीड़ितों को एक मंच पर लाकर उनका समर्थन बढ़ाने के लिए आगे भी ऐसे बैठकें आयोजित की जाएंगी।

अभिकर्ताओं और सदस्यों ने यह भी कहा कि ठगी के मामलों में प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए वे मीडिया का भी सहयोग लेंगे। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि वे ठगी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें।

## संक्षिप्त खबरें



सेंट जेवियर स्कूल डूरंडा में अंकित रंजन ने टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री रनर और विनर टीम के खिलाड़ियों को मोमेंटो दिया।

### करटे कक्षा में बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न



**रांची।** गोजु-रियो कराटे क्लब रातु में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर त्रिशा मिन्ज, सौम्या प्राची कच्छप, आयुष उरांव को येलो बेल्ट, तन्नु मिन्ज, नीतिका रानी खलखो, कशिश कुमारी मुंडा को ऑरेंज बेल्ट, लावन्या तिर्की, उत्कर्ष पांडे को ग्रीन बेल्ट तथा अनुप कुमार को ब्राउन बेल्ट प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में रेन्शी शाहजाद कुरेशी, सेंसि रौनक तिर्के, सेंसि रोहित भगत एवं अन्य प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की और उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

### दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीतकर कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की। उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। ऐसा करने वाली वे पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। 2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है। चीन की जू वेनजुन के बाद हम्पी महिला वर्ग में एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक जीत थी। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे।

### दीपेश ने की धुआंधार बल्लेबाजी, लखनऊ को हराकर दिल्ली पहुंचा फाइनल में

**लखनऊ।** अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर्स दिल्ली की टीम ने क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के टीम को 45 रनों से हरा दिया और फाइनल में पहुंच गई। दिल्ली के खिलाड़ी मोनू शुक्ला ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। वहीं दीपेश ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 36 बाल में 63 रन बनाये। लखनऊ के कप्तान करण सिंह ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरूआत काफी खराब रही। उसके तीन खिलाड़ी 10 रनों के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे। चौथे विकेट की मजबूत साझेदारी ने टीम को मजबूती दिया और दिल्ली निर्धारित 30 ओवरों के मैच में 29वें ओवर में सभी विकेट गंवाकर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 2 विकेट से हराया

- डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी

**सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)। एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने रविवार को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को मैच जीतने के लिए 148 रन बनाने थे, जिसे उन्होंने आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। एक दिन रिजर्व डे के तौर पर रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज हो गई है। टीम का 11 मैचों में सात जीत के साथ अंक प्रतिशत 66.67 हो गया है। अब देखना होगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी।

सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 211 रन बनाए थे। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन कामरान गुलाम ने बनाए। कामरान ने 54 रनों की पारी खेली। वहीं आमेर जमाल 28 रन, मोहम्मद रिजवान 27 रन, सलमान अगा 18 रन, कप्तान शान मसूद 17 रन, सैम अयूब 14 रन, सऊद शकील 14 रन, खुर्रम शहजाद 11 रन, मोहम्मद अब्बास नाबाद 10 रन और बाबर आजम ने 4 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए पहली पारी में डेन पैटरसन 5 विकेट, कॉर्बिन बॉश ने 4 विकेट औक मार्को जानसेन ने एक विकेट लिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 301 रन बनाए और 90 रन की बढ़त हासिल की। टीम के लिए पहली पारी में सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने 144 गेंदों में 89 रन और युवा कॉर्बिन बॉश ने 93 गेंदों में 15 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए। इनके अलावा कप्तान टेम्बा बावुमा ने 31 रन और डेविड बेडिंघम ने 30 रन का योगदान दिया। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज अपना प्रभाव नहीं छोड़ सका। पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए। आमेर जमाल ने 2 विकेट, जबकि सैम अयूब और खुर्रम शहजाद ने एक-एक विकेट लिये।

दूसरी पारी में पाकिस्तान टीम ने 237 रन बनाए। इससे दक्षिण अफ्रीका को 148 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने 113 गेंदों में 84 रन और बाबर आजम ने 85 गेंदों में 50 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा शान मसूद ने 28 रन और सैम अयूब ने 27 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को जानसेन ने 6 विकेट लिए। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट, जबकि डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने आठ विकेट खोकर 150 रन बनाए और दो विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 40 रन, एडेन मार्करम 37 रन और कगिसो रबाडा ने 31 रन की पारी खेलकर मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इनके अलावा मार्को जानसेन ने 24 गेंदों में नाबाद 16 की उपयोगी पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद अब्बास ने सबसे ज्यादा 6 विकेट अपने नाम किए।

## मेलबर्न टेस्ट : 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त



**मेलबर्न। एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी**

ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके।

ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का आठवां विकेट 156 के स्कोर पर गिरा। मिचेल स्टार्क 5 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को 173 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 90 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन लियोन ने स्कॉट बोलैंड के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं।

## लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में हुई शामिल

**नई दिल्ली। एजेंसी**




फरवरी 2025 में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग में नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। अनावरण के साथ ही टीम ने अपना लोगो भी लॉन्च किया है। कवच और ढाल से सजा दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक लोगो ताकत, दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और वीरता का सटीक चित्रण करता है। दिल्ली रॉयल्स फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण उत्तर भारत के सबसे बड़े राजमार्ग ब्रांड मन्नत ग्रुप द्वारा किया गया है। मन्नत ग्रुप ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिल्ली रॉयल्स का अधिग्रहण करके खेल उद्योग में पहली बार कदम रखा है। अपने लग्जरी हाइवे रेस्तरां, रिसॉर्ट्स और क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) के लिए जाना जाने वाला मन्नत अपने 11 आउटलेट्स पर प्रतिदिन 60,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मन्नत ग्रुप जिस तरह से अपने व्यवसाय में अग्रणी है, ठीक उतना ही बड़ा नजरिया उसका खेलों को बढ़ावा देने को लेकर भी है। फ्रेंचाइजी के लॉन्च पर मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि दिल्ली रॉयल्स राष्ट्रीय राजधानी के गौरव का प्रतीक है। हम एक ऐसी टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दृढ़ संकल्प के साथ अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित कर सकें। लीजेंड 90 लीग क्रिकेट के दिग्गजों को मैदान पर एक साथ लाने का एक शानदार मंच है और हम इसका हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हैं। मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादयान ने कहा कि मन्नत ग्रुप में हम युवाओं को प्रेरित कर उनके करियर को आगे बढ़ाने वाले अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं।

### नशा के खिलाफ मैराथन का आयोजन

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे ड्रग फ्री देवभूमि अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को पिथौरागढ़ में एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक रेखा यादव द्वारा किया गया। मिनी मैराथन में पिथौरागढ़ पुलिस, सेना, भूतपूर्व सैनिकों, बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन को जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव ने हरी झंडी दिखाई। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर निर्मल सिंह धामी, द्वितीय स्थान पर संजय कुमार और तृतीय स्थान पर जीवन सिंह सौन रहे।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने की पहले सीजन के लिए 12 टीमों की घोषणा

**गुरुग्राम। एजेंसी**



ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने आधिकारिक तौर पर 12 फ्रेंचाइजी टीमों और लीग के लोगो का अनावरण किया है, जिससे इसके पहले सीजन के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है। यह लीग, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं पर समान रूप से जोर दिया जा रहा है, अपने अभिनव प्रारूप और समावेशी दृष्टिकोण के साथ खेल में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। टीमों के नाम रणनीतिक रूप से उनकी क्षेत्रीय पहचान को दर्शाने के लिए रखे गए हैं। इनमें महिला टीमें मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपर्ड्स, तेलुगु चीता, तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस और हरियाणवी ईगल्स हैं। पुरुषों की टीमें मराठी वल्चर्स, भोजपुरी लेपर्ड्स, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स और हरियाणवी शार्क्स शामिल हैं। जीआई-पीकेएल ने अपनी टैगलाइन कबड्डी की नई जंग भी जारी की, जो पुरुषों और महिलाओं को एक बैनर के तहत लाकर और समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करके खेल को फिर से परिभाषित करने के लीग के मिशन का प्रतीक है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास एक पुरुष और एक महिला टीम होगी। इस महीने की शुरूआत में, ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) के साथ अपने विलय की घोषणा की, जिससे जीआई-पीकेएल का गठन हुआ। टीम की घोषणाओं के बारे में होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआइपीएसए) की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश ने एक बयान में कहा, "जीआई-पीकेएल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है।

## व्यापार

## उतार चढ़ाव के बावजूद शेयर बाजार ने निवेशकों को कराया मुनाफा, लगातार 9वें साल मिला पॉजिटिव रिटर्न

- 2024 में शेयर बाजार ने 65 बार बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार साल 2024 के कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। इस साल के कारोबार में अब सिर्फ आने वाले 2 दिन सोमवार और मंगलवार यानी 30 और 31 दिसंबर का कारोबार होना बाकी है। इन दो दिनों के अलावा अभी तक हुए कारोबार के दौरान घरेलू बाजार ने कई बार ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया?। हालांकि, शेयर बाजार को बीच-बीच में बड़े नुकसान का भी सामना करना पड़ा। अगर पूरे साल के कारोबार की बात करें, तो ओवरऑल घरेलू शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को 2024 के दौरान पॉजिटिव रिटर्न दिया। इस तरह लगातार नौवें साल घरेलू शेयर बाजार के निवेशक वार्षिक आधार पर मुनाफे में रहे। साल 2024 के दौरान शेयर बाजार ने 65 दिनों के कारोबार में ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना। इसमें आखिरी बार 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचा, जबकि निफ्टी 26,277.35 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। इसके पहले 2023 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 72,240.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी ने 21,731.40 अंक के स्तर पर पिछले साल के कारोबार का अंत किया था।

2024 में 27 सितंबर तक सेंसेक्स में 13,737.99 यानी 19.02 प्रतिशत की तेजी आ गई थी। इसी तरह निफ्टी 27 सितंबर तक 4,545.95 अंक यानी 20.92 प्रतिशत उछल चुका था। हालांकि अक्टूबर और नवंबर में वैश्विक दबाव और विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अपने रिकॉर्ड हाई से नीचे आ गए। 27 सितंबर के बाद से लेकर अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स 7,279.18 अंक यानी 8.46 प्रतिशत और निफ्टी 2,463.95 अंक यानी 9.37 प्रतिशत टूट चुके हैं। अगर 1 जनवरी से 27 दिसंबर तक के कारोबार की बात की जाए तो साल 2024 के दौरान शेयर बाजार में सेंसेक्स ओवरऑल 6,458.81 अंक यानी 8.94 प्रतिशत मजबूत हो चुका है। इसी तरह निफ्टी में इस साल अभी तक ओवरऑल 2,082 अंक यानी 9.58 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। घरेलू शेयर बाजार पर असर डालने वाले कारकों में इस साल इजरायल-ईरान संघर्ष और रूस और यूक्रेन के बीच पहले से ही जारी जंग का मुख्य रूप से उल्लेख किया जा सकता है।

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है, लेकिन चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। सोना 150 से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,5000 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौते के दो वर्ष पूरे

- आर्थिक साझेदारी की नींव को मजबूत किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंड-ऑस ईसीटीए) ने सफलता के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह पारस्परिक विकास को बढ़ावा देता है और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरकता को दशार्ता है। इंड-ऑस ईसीटीए ने व्यापार संबंधों को बहुत आगे बढ़ाया है, दोनों देशों में एमएसएमई, व्यवसायों और रोजगार के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और साथ ही उनकी आर्थिक साझेदारी की नींव को मजबूत किया है। अपने तीसरे वर्ष में केन्द्र सरकार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के विजन 2047 को साकार करने के लिए आपसी समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मजबूत सहयोग और अभिनव पहलों के माध्यम से इस गति को बनाए रखने के लिए समर्पित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार दोगुना से भी अधिक हो गया है। यह 2020-21 में 12.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

हालांकि, कुल व्यापार वर्ष 2023-24 में घटकर 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में भी मजबूती देखने को मिल रही है। अप्रैल-नवंबर 2024 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार 16.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। दोनों देशों के बीच तरजीही आयात डेटा का आदान-प्रदान शुरू हो गया है जो 2023 में समझौते के प्रभावी कार्यान्वयन को इंगित करता है। डेटा से पता चलता है कि निर्यात उपयोग 79 प्रतिशत और आयात उपयोग 84 प्रतिशत है। कपड़ा, रसायन और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि हुई है जबकि हीरे जड़े सोने और टबोर्जेट सहित नई लाइनों पर निर्यात समझौते द्वारा विविधता को दशार्ता है। धातु अयस्कों, कपास, लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों जैसे आवश्यक कच्चे माल के आयात ने भारत के उद्योगों को बढ़ावा दिया है। यह साझेदारी में बराबरी को दशार्ता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में वृद्धि की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ढकवाए 746 खुले बोरवेल और कुंए

- खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी) 29 दिसम्बर।** खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बेहद संवेदनशील हैं। राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालन में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं ऐसे हादसों को रोकने के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने मुहिम के तहत विगत दो दिनों में कुल 746 खुले बोरवेल एवं कुंए ढकवाए। अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर तहसील में 13, आमेर तहसील में 30, कालवाड़ तहसील में 33, तूंगा तहसील में 69, जमवारामगढ़ तहसील में 24, माधोराजपुरा तहसील में 26, बस्सी तहसील में 30, चाकसू तहसील में 63, आंधी तहसील में 30, किशनगढ़- रेनवाल तहसील में 36 खुले बोरवेल एवं कुंए लोहे की प्लेट एवं जालियों से ढकवाए गए हैं। कोटखावदा तहसील में 11, सांभर तहसील में 68, जोबनेर तहसील में 16, रामपुरा डाबड़ी तहसील में 17, सांगानेर तहसील में 22, शाहपुरा तहसील में 82, चौमूं तहसील में 20, जालसू तहसील में 30, दूदू तहसील में 58, फागी तहसील में 27 और मोजमाबाद तहसील में 41 खुले बोरवेल एवं कुंए कवर करवाए गए।वहीं, राज्य सरकार के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को 328 तो वहीं 418 खुले बोरवेल एवं कुंए कवर करवाए।

### सिविल डिफेंस के जवानों ने आपदा नियंत्रण में निभाई अहम जिम्मेदारी




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 दिसम्बर।** जयपुर जिले में नागरिक सुरक्षा के साहसिक एवं समर्पित जवान आपदा प्रबंधन में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपनी जान की परवाह किये बगैर सिविल डिफेंस के जांबाज जवान जिला कलक्टर के निर्देशन एवं उप नियंत्रक अमित शर्मा के नेतृत्व में बेमिसाल कार्य कर रहे हैं।रविवार को सुबह करीब 8 बजे विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर 14 स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई। सूचना मिलने के पश्चात उप नियंत्रक अमित शर्मा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम मौके के लिए तत्काल रवाना हुई एवं नागरिक सुरक्षा अग्निशमन सेवा के वाहनों को भी मौके पर रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी फैक्ट्री का सर्च किया। इसके अतिरिक्त फायर कर्मियों का फायर फाइटिंग करने में सहयोग किया। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया इससे पूर्व शनिवार रात को करीब 10 बजे नियंत्रण कक्ष को टाटीयावास टोल के पास सीकर रोड पर एक सीएनजी का टैंकर पलटने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचे और टोरेंट गैस कंपनी की टेक्निकल टीम से समन्वय स्थापित करते हुए मौजूद गैस के प्रेशर को डॉउन करवाया। रेस्क्यू कार्य के दौरान जयपुर सीकर हाईवे को दोनों साइड से वाहनों की आवाजाही को बंद किया गया।एवं बड़ी दुर्घटना पर समय रहते काबू पा लिया। ऑपरेशन पूरा होने के पश्चात हाईवे को आवागमन के लिए खोल दिया गया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 29 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 117वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमआर पर मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद एवं विधायकगण के साथ प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो रहे हैं। ये हमारे लिए गर्व की बात हैं। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है, हमारा मार्गदर्शक है। संविधान की वजह से ही आज मैं आपसे बात कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस साल 26 नवंबर को संविधान दिवस से एक साल तक चलने वाली कई एक्टीविटिज शुरू हुई हैं। देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए ङ्ग्ल- २३३४३ङ्ग्ल75.ङ्क नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं।

### कहा 'संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट'




### मलेरिया, कैंसर के विरूद्ध लड़ाई में भारत की बड़ी उपलब्धियां-

» श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की दो उपलब्धियां आज विश्व का ध्यान आकर्षित कर रही है। पहली उपलब्धि है मलेरिया से लड़ाई में। उन्होंने कहा कि 4 हजार से अधिक वर्षों तक मानवता के लिए मलेरिया बहुत बड़ी स्वास्थ्य चुनौती रहा है। देशवासियों ने इस चुनौती का दृढ़ता से सामना किया है। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। आयुष्मान भारत योजना ने पैसे की परेशानी को काफी हद तक कम किया है और लगभग 90 प्रतिशत मरीज समय पर कैंसर का इलाज शुरू करवा पा रहे हैं। मोदी ने कहा कि कैंसर के मुकाबले के लिए एक ही मंत्र है–अवेयरनेस, एक्शन और एश्योरेंस।

- **हर क्षेत्र, हर वर्ग का हो रहा विकास - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' में उद्बोधन सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणादायी होते हैं। उनको सुनकर नवीन ऊर्जा का संचार होता है। देश निरन्तर उपलब्धियां हासिल कर रहा है, उसको जानकर हमें गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के पथ पर तेजी से अग्रसर है। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, वाणिज्य, रक्षा, तकनीक एवं सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति अर्जित की है। शर्मा ने कहा कि मोदी के विजन से विकास का इंजन दोगुनी रफ्तार से दौड़ रहा है, जिससे युवा, महिला, किसान एवं गरीब का उत्थान एवं कल्याण सुनिश्चित हो रहा है

- **अनेकता में एकता का संदेश देता है महाकुंभ-**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी की 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा और छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। मोदी ने बताया कि इस बार प्रयागराज में देश और दुनिया के श्रद्धालु डिजिटल महाकुंभ के भी साक्षी बनेंगे।

- **छोटी शुरूआत से ही बड़े परिवर्तन संभव-**

प्रधानमंत्री ने उड़ीसा के कालाहाड़ी का जिक्र करते हुए यहां के किसानों द्वारा स्थापित किए गए एफपीओ (किसान उत्पाद संघ) की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कम पानी और कम संसाधन होने के बावजूद यहां गोलाकुण्डा ब्लॉक में दस किसान एफपीओ की स्थापना कर 'सब्जी क्रांति' लाए। आज इससे 200 किसान जुड़े हुए हैं, जिसमें से 45 महिलाएं हैं। इसका टर्नओवर डेढ़ करोड़ से ज्यादा हो गया है। उन्होंने एफपीओ को प्रोत्साहन देने का आग्रह करते हुए कहा कि छोटी शुरूआत से ही बड़े परिवर्तन संभव है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की सांस्कृतिक विरासत, फिल्म एवं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की क्षमता, फिल्मी जगत की कई हस्तियों के योगदान और बस्तर ओलम्पिक पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

# बाड़मेर की हेल्थकेयर सेक्टर की छात्राओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

### बालिकाएं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे : डा. मनीष बैरवा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी) राज्य सरकार द्वारा विद्यालयो में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत शीतकालीन अवकाश में रा.बा.उ.मा.वि. माल गोदाम रोड़ बाड़मेर की हेल्थकेयर सेक्टर की छात्राओं के प्रशिक्षण में पूर्व राज्य मंत्री अशरफ अली व डा. मनीष बैरवा (फिजीशियंस) संस्थान सिटी बाड़मेर ने डॉ मनीष बैरवा ने छात्रों को प्रशिक्षण देते हुए कहा देते हुए बताया जीवन में स्वास्थ्य अनमोल हैं। छात्राएं अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मष्तिस्क का निवास होता हैंल्थ एण्ड केयर थीम पर हमेशा सजग, संजीदा, जागरूक रहें। कोई




**छात्र अध्ययन ध्यान दे जीवन में अच्छे संस्करण से आगे बढ़कर जिला देश और प्रदेश का नाम रोशन :- अशरफ़ अली**

बीमारी के संकेत मात्र पूर्व में हीं ध्यान रखकर होने वाली बीमारी से बचा जा सकता हैं। छात्राएं संतुलित एवं सात्विक भोजन का सेवन करें। नियमित व्यायाम करें। मोबाईल का सीमित मात्रा में उपयोग कर भरपूर नींद ले एवं अपने अध्ययन पर विशेष ध्यान दें जिससे उसका सर्वांगीण विकास हो सकता हैं। पूर्व राज्य मंत्री अशरफ अली ने कहा छात्र अध्ययन ध्यान दे जीवन में अच्छे संस्करण से आगे बढ़कर जिला देश और प्रदेश का नाम रोशन करें कौशल मित्र शेराराम माली, ट्रेनर मुरलीधर गौड़ एवं हेमा खत्री ने प्रशिक्षण में सहयोग किया।सिटी हॉस्पीटल के संचालक पूर्व मंत्री अशरफ अली खिलजी ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए जीवन में अच्छे संस्कारवान बनने का आह्वान किया।

### नवोदित एवं युवा ऊर्जावान खिलाड़ी मनीषा गुर्जर ने जीता मेडल, किया बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन

- **कड़ी मेहनत और समर्पण भाव से अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है : मनीषा गुर्जर**




**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर (खलील कुरैशी)।** मनोहरपुर कस्बे स्थित प्रतापपुरा निवासी मनीषा गुर्जर पुत्री सतपाल सिंह गुर्जर ने अन्तर विद्यालय द्वितीय कीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो में मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।उन्हें गुरुवार को मनोहरपुर मे आयोजित पारितोषित वितरण समारोह में मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान अध्यापक ने कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है और उन्हें आगे भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मनीषा गुर्जर की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, विद्यालय और समुदाय को गर्व हुआ है। निजी स्कूल के इस होनहार बालिका पर स्कूल को गर्व है। यह उनकी उपलब्धि का प्रमाण है कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत और समर्पण से काम कर सकती हैं।

# अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ द्वारा 'उद्यानिकी फसलों के संरक्षण' विषयक16 वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

### रसायन रहित बागवानी खेती ही कारगर, प्राकृतिक उद्यानिकी खेती को बढ़ावा मिले : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**चमकता राजस्थान**

जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 दिसंबर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि उद्यानिकी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का आ''ान किया है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों को देश में रसायन रहित कृषि के लिए वातावरण निर्माण किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से रोग ही नहीं बढ़ रहे बल्कि धरती की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो रही है। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने पानी बचाकर उसके निर्माण के लिए भी देशभर में कार्य करने का आ''ान किया।राज्यपाल बागडे रविवार को अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ द्वारा ₹उद्यानिकी फसलों के संरक्षण₹ विषयक आयोजित 16 वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कम पानी से होने वाली फसलों, फल, फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी कृषि विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए भी आवशयक रूप से कार्य करने की आवशयकता जताई।राज्यपाल




ने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन द्वारा 2008 में प्रस्तुत कृषि सुधारों की बनी समिति के सुझावों पर चर्चा करते हुए कहा कि लाभकारी कृषि के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कृषि उद्यानिकी के प्राचीन ज्ञान के आलोक में कृषि की नवीन तकनीक से खेती को लाभकारी किए जाने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि हमारे यहां धीरे धीरे जंगल कम होता जा रहा है। पहले अनाज जब नहीं होता था और खेती की पैदावार नहीं थी तब उद्यानिकी फसलों पर ही मनुष्य निर्भर था। पर धीरे धीरे इस दिशा में ध्यान नहीं देने के कारण जंगलों में बहुत सी उद्यानिकी फसलें लोप हो गई। उन्होंने स्थान विशेष की जलवायु के अनुरूप उद्यानिकी फसलों के अधिकाधिक उत्पादन के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में विश्वविद्यालय के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी फॉर टिश्यू कल्चर का शिलान्यास किया। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत गेहूं और अन्य नवीन कृषि उत्पाद प्रौद्योगिकी का भी शुभारंभ किया। वहीं उन्होंने माइक्रोस्कोप से फसलों में सूक्ष्म कीट परीक्षण भी किया और विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण किया। आरंभ में कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने संरक्षित खेती के साथ राष्ट्रीय सिंपोजियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर पद्मश्री डा. बी. एस. ढिल्लो, अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और बागवानी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल, अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ के कार्यकारी सचिव प्रो. दिनेश कुमार ने भी विचार रखे। सभी का आभार डा. एन. के. गुप्ता ने जताया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929